दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 259 | शनिवार, 20 सितंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# टेक्नोलॉजी रोजगार छीनती नहीं, बल्कि नए अवसर पैदा करती है : योगी आदित्यनाथ

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गाजियाबाद में पूर्व सांसद रमेश चंद्र तोमर द्वारा लिखित पुस्तक 'भारतवर्ष की स्वणार्भा नरेन्द्र मोदी' का विमोचन किया। इस मौके पर उन्होंने 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' के संकल्प को आगे बढ़ाने और युवाओं को तकनीक से जुड़ने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लिखना एक साधना है और यह पुस्तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अब तक की उपलब्धियों को संजोने वाली प्रेरणादायी कृति है। उन्होंने सुझाव दिया कि इसे विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और पुस्तकालयों में रखा जाए ताकि नई पीढ़ी प्रेरणा ले सके। वहीं उन्होंने युवाओं से एआई और उभरती हुई तकनीकी ज्ञान को अपनाने का आह्वान किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुंचने वाला है। उत्तर प्रदेश भी तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। 2017 से पहले यूपी को बीमारू राज्य कहा जाता था, लेकिन








आज यह देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। 2016-17 में यूपी की जीडीपी ?12.75 लाख करोड़ थी, जिसे 2025-26 में ही ?36 लाख करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य है। सीएम योगी ने युवाओं से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) और डिजिटल टेक्नोलॉजी को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी रोजगार छीनती नहीं बल्कि नए अवसर पैदा करती है। जिस तरह कंप्यूटर आने पर नई संभावनाएं बनीं, उसी तरह एआई भी कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में नई दिशा देगा। किसान यदि तकनीक अपनाएंगे तो उनकी उत्पादकता तीन गुना तक बढ़ सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले गाजियाबाद की पहचान 'गंदगी और गैंगेस्टर' से जुड़ी थी। गौतमबुद्ध नगर को अफवाह फैलाकर 'लूट का अड्डा' बना दिया गया था। कहा जाता था कि कोई मुख्यमंत्री यहां नहीं आ सकता, आएगा तो कुर्सी चली जाएगी। यही हाल बिजनौर और आगरा के लिए भी बना दी गई थी। डर और अफवाहें फैला दी गई थीं। उन्होंने कहा, "मैं बिजनौर में रात में रुका, आगरा के कथित 'भूतिया' सर्किट हाउस में ठहरा और नोएडा भी गया। इसके बावजूद जनता ने दोबारा आशीर्वाद देकर मुझे मुख्यमंत्री बनाया।₹ अफवाहें फैलाने वालों की सच्चाई जनता के सामने आनी जरूरी थी। आज गाजियाबाद शिक्षा और उद्योग का केंद्र बन चुका है। सीएम योगी ने कहा कि यूपी का युवा, किसान, नारी शक्ति और उद्यमी हमारी ताकत हैं। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में मंत्री सुनील कुमार शर्मा, नरेन्द्र कश्यप, सांसद अतुल गर्ग, राजकुमार सांगवान, नारायण गिरी जी महाराज, बीजेपी क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येन्द्र सिसोदिया, महापौर सुनीता दयाल, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, विधायकण संजीव शर्मा, अजीत पाल त्यागी, नंद किशोर गुर्जर, धर्मेश तोमर, धर्मेन्द्र भारद्वाज, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, जिलाध्यक्ष जयंत पाल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, संयोजक और पुस्तक के लेखक पूर्व सांसद रमेश चंद्र तोमर, पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल सहित गाजियाबाद के प्रबुद्धजन और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## एअर इंडिया विमान हादसे को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका, स्वतंत्र जांच की मांग



**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है, जिसमें एअर इंडिया विमान दुर्घटना की स्वतंत्र और अदालत की निगरानी में जांच की मांग की गई है। 12 जून को हुई इस दुर्घटना में यात्री, चालक दल और जमीन पर मौजूद 265 लोगों की मौत हो गई थी। अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। शीर्ष अदालत में यह याचिका "कांस्टीट्यूशन बाय सेफ्टी मैटर्स फाउंडेशन" नामक एक गैरसरकारी संगठन ने दायर की है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि आधिकारिक जांच से नागरिकों के जीवन, समानता और सही जानकारी प्राप्त करने के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होता है। याचिका के अनुसार, दुर्घटना की पारदर्शी और निष्पक्ष जानकारी के लिए ये चीजें बेहद जरूरी हैं। याचिका में यह भी कहा गया है कि रिपोर्ट में ईंधन स्विच में खराबी, बिजली की खराबी, रैम एयर टरबाइन का इस्तेमाल और बिजली संबंधी गड़बड़ियों को नजरअंदाज किया गया है और दुर्घटना को जल्दबाजी में पायलट की गलती बता दिया गया है।

### रिपोर्ट में महत्वपूर्ण जानकारी छिपाई गई- याचिका

याचिका में कहा गया है कि एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआइबी) ने 12 जुलाई को अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की थी। इसमें हादसे का कारण "फ्यूल कटऑफ स्विच" को "रन" से "कटऑफ" स्थिति में ले जाना बताया गया था, यानी इसमें पायलट की गलती थी। रिपोर्ट में महत्वपूर्ण जानकारी छिपाई गई है, जिसमें पूरा डिजिटल फ्लाइट डाटा रिकार्डर आउटपुट, काकपिट वाइस रिकार्डर ट्रांसक्रिप्ट और इलेक्ट्रानिक एयरक्राफ्ट फाल्ट रिकार्डिंग डाटा शामिल है।

## मध्य प्रदेश में साधुओं से भरी कार कुएं में गिरी, तीन की मौत

**छिंदवाड़ा।**

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में शुक्रवार शाम सात साधुओं को ले जा रही एक कार टायर फटने के बाद कुएं में गिर गई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि इतने ही लोगों को बचा लिया गया।

एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। सांवरी पुलिस चौकी प्रभारी मुकेश द्विवेदी ने बताया कि एक साधु लापता है और जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर दूर बैतूल रोड पर तेंदनी खुर्द के पास घटनास्थल पर तलाश जारी है। उन्होंने बताया कि टायर फटने के बाद वाहन अनियंत्रित हो गया। यह एक पेड़ से टकराया और फिर बिना दीवार वाले एक कुएं में गिर गया। वाहन में सात साधु सवार थे। तीन की मौत हो गई, तीन को बचा लिया गया और जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि एक लापता है। मिट्टी खोदने वाली मशीन से तलाश जारी है। मुकेश द्विवेदी ने बताया कि वे लोग चित्रकूट से बैतूल के मुलताई जा रहे थे।

- जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर दूर बैतूल रोड पर तेंदनी खुर्द के पास घटनास्थल पर तलाश जारी है।





## किश्तवाड़ में आतंकियों से मुठभेड़, सेना का ऑपरेशन जारी



**जम्मू।**

फिलहाल मुठभेड़ में किसी हताहत की सूचना नहीं मिली है। सेना ने कहा है कि जैसे-जैसे जानकारी मिलेगी, विवरण साझा किए जाएंगे। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में शुक्रवार शाम आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। सेना ने जानकारी दी है कि फिलहाल इलाके में ऑपरेशन जारी है। आर्मी की व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने सोशल मीडिया एक्स पर बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर किश्तवाड़ में 19 सितंबर की रात करीब 8 बजे सतर्क सैनिकों ने आतंकियों से संपर्क स्थापित किया। इस दौरान गोलीबारी हुई। ऑपरेशन अभी भी जारी है।

## मध्य प्रदेश में खेती का रकबा घटा लेकिन बढ़ रही रासायनिक खाद की खपत

**भोपाल।**

मध्य प्रदेश में खेती का रकबा हर साल घटने के बावजूद रासायनिक खाद की खपत लगातार बढ़ती जा रही है। जैविक खेती के मामले में देश में पहले स्थान पर होने के बाद भी किसानों की रासायनिक खाद पर बढ़ती निर्भरता चिंताजनक है। कृषि विज्ञानियों का कहना है कि जिस तरह से अधिक उत्पादन के लिए मृदा की गुणवत्ता से खिलवाड़ किया जा रहा है, वह




खतरनाक है। वर्ष 2022-23 में 149.53 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ फसलें बोई गई थीं, जो 2025-26 में 146 लाख हेक्टेयर रह गईं। इससे विपरीत इस अवधि में खाद का उपयोग 29 लाख टन से बढ़कर 33.29 लाख टन (सितंबर प्रथम सप्ताह) पहुंच चुका है। देश में जैविक खेती के मामले में मध्य प्रदेश सबसे आगे है। कुल जैविक उत्पादन में 40 प्रतिशत हिस्सा मध्य प्रदेश से आता है। देश में 65 लाख हेक्टेयर में जैविक खेती होती है जिसमें 16 लाख हेक्टेयर मध्य प्रदेश का है फिर भी विरोधाभास यह है कि किसानों की रासायनिक खाद पर निर्भरता बढ़ रही है।

## 'पड़ोसियों के मामले में सौभाग्यशाली नहीं रहा भारत, खुद गढ़ी अपनी किस्मत'

**नई दिल्ली।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को पाकिस्तान के विरुद्ध चार बड़े युद्धों और चीन के विरुद्ध एक युद्ध का जिक्र करते हुए कहा कि भारत अपने पड़ोसियों के मामले में सौभाग्यशाली नहीं रहा है, बल्कि उसने अपना भाग्य खुद गढ़ा है।

रक्षा मंत्री भारत और पाकिस्तान के बीच 1965 के युद्ध के नायकों के साथ बातचीत कर रहे थे और इस दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की। साउथ ब्लॉक में आयोजित कार्यक्रम में राजनाथ ने कहा, "आजादी के बाद से भारत अपने पड़ोसियों के मामले में सौभाग्यशाली नहीं रहा है, लेकिन हमने इन चुनौतियों को किस्मत मानकर स्वीकार नहीं किया; हमने अपना भाग्य स्वयं गढ़ा है। इसका एक उदाहरण हमने ऑपरेशन सिंदूर में देखा। उस घटना (पहलगाम आतंकी हमला) ने हमें



दुःख और क्रोध से भर दिया, लेकिन यह हमारा मनोबल नहीं तोड़ पाई। हमारे प्रधानमंत्री ने एक संकल्प लिया था और हमने दशकों से यह दिखाया है कि जीत हमारी आदत बन गई है, जिसे हमें बनाए रखना है।" राजनाथ ने युद्ध के नायकों की बहादुरी और बलिदान की सराहना करते हुए कहा, "आत्मसम्मान की भावना सबसे बड़ी भावना है। अगर विदेशी ताकतें हमें बुरी नजर से देखने की हिम्मत करती हैं, तो हम उस भावना की रक्षा के लिए अपना सब कुछ बलिदान कर देते हैं। 1965 में आपने जो वीरता दिखाई, वह अतुलनीय है। एक कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से मैं आपको नमन करता हूं। हम देश की अखंडता से किसी तरह का समझौता नहीं होने देंगे।"

## पाकिस्तान ही पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड'

**नई दिल्ली।**

जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 60वें सत्र में कश्मीरी कार्यकर्ता जावेद बेग ने पहलगाम आतंकी हमले के लिए पाकिस्तान की कड़ी निंदा की। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान की आतंकवाद में संलिप्तता को बेनकाब किया। इस मौके पर जिनेवा के ब्रोकन चेयर स्मारक पर 'यूनाइटेड फॉर पीस' विषय पर एक विशेष फोटो प्रदर्शनी आयोजित की गई। इसमें भारत को सौहार्द और भाईचारे की भूमि के रूप में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान जम्मू-कश्मीर के मानवाधिकार कार्यकर्ता जावेद अहमद बेग ने पाकिस्तान को आतंकवाद का पोषक करार दिया। उन्होंने हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र किया, जिसमें 26 निर्दोष लोगों की हत्या कर दी गई थी। पाकिस्तान-समर्थित आतंकियों ने ही पहलगाम में इस हमले को अंजाम दिया था। हमले में हिंदू, ईसाई और बौद्ध पर्यटकों के साथ एक स्थानीय मुस्लिम भी मारा गया था। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद पहले ही लश्कर-ए-तैयबा को आतंकी संगठन घोषित कर चुका है और पाकिस्तान को ऐसे संगठनों को शरण देने से रोकने की चेतावनी दी है।



## संपादक की कलम से

# जदरांगल परिसर को न्याय

केंद्रीय विश्वविद्यालय का जदरांगल परिसर अब पुन: कानून की दरख्वास्त बन कर हाजिर है, तो माननीय हाई कोर्ट ने सरकार के उदासीन रवैये पर 25 हजार की कॉस्ट लगाई है। फैसला भले ही एक संस्थान के प्रति इंसाफ का वारिस बन रहा है, लेकिन राजनीति के वर्तमान में केंद्रीय विश्वविद्यालय का अस्तित्व चीरने की कोशिशें आरंभ से ही रही हैं। ऐसा क्यों हुआ कि धर्मशाला के नाम पर आया, पंजीकृत हुआ और शिक्षा के मानकों में एक आशा का दीप जलाए यह संस्थान बंट गया या इसे धर्मशाला में पनपने से बाधित किया गया। आश्चर्य यह कि केंद्रीय विश्वविद्यालय की पहचान के सारे दरवाजे धर्मशाला में खुले, लेकिन इंतजाम के खाके देहरा में बसे। हर बार एक नया अडंगा और हर बार एक नई परीक्षा। धर्मशाला के जदरांगल परिसर ने तमाम परीक्षाएं दी हैं, जो जायज थी भी नहीं। फाइलें स्थानीय कार्यालयों में रुकीं, दिल्ली में फंसी, शिमला में अटकीं, तो कोलकाता तक चलीं। परिसर स्थल पर मशीनें, नक्शे और जन संवेदना की जूतम पैजार को आज तक किसी ने इस हद तक न देखा कि बाकायदा एक संस्थान की हत्या में रंगे कई हाथ किस हद तक जा सकते हैं। यहां कई केंद्रीय मंत्री, राज्य के कई मुख्यमंत्री, विधायक और सांसद इस परियोजना के कातिल हैं। शायद कानूनी फैसले से ऐसी हस्तियों को दुख पहुंचेगा। जब देहरा में 250 करोड़ की लागत से यूनिवर्सिटी परिसर का निर्माण शुरू हुआ, तो जदरांगल की जमीन भी अनापत्तियों से मुक्त होकर ढाई सौ करोड़ के बजट की वरमाला पहनने को तैयार थी, लेकिन किरदार बदल गया। सरकारी हुकुम और फाइल का व्यवहार बदल गया। हालांकि एक तर्क वाजिब था कि अपनी ही धरती पर अगर संस्थान के लिए जमीन के बदले वन विभाग को हजार्ना देना पड़े, तो इतने जंगल खड़े करने का फायदा क्या। बहरहाल सरकार को तीस करोड़ देकर जदरांगल से निर्माण का अनिश्चय हटाना था, जो समय गुजरने के बाद भी जस का तस बना हुआ है। इस दौरान सारा जोर और आजमाइश या जदरांगल परिसर की छाती पर मूंग दलती रही या बेफिक्र पैमानों में यहां से सारी संभावनाओं को निरस्त करती रही। हम पहले भी कई बार कह चुके हैं कि नई राजनीति का यह अर्थ नहीं कि हिमाचल की संभावना, सद्भावना, कत्त्रव्यपरायणता और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से ही छेड़छाड़ हो जाए। धर्मशाला के नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना का राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय महत्त्व रहा है, तो यह कार्य किस राजनीति की प्राथमिकता को बुरा लगता रहा। अभी हाल ही में सरकार ने देहरा परिसर की जलापूर्ति के लिए 19 करोड़ मंजूर किए हैं, लेकिन जदरांगल के हिस्से की खीर न जाने कहां बंट गई। खैर हाई कोर्ट का यह फैसला सख्त संदेश के साथ सरकार को नसीहत दे रहा है। कानूनी तौर पर अब न पचड़े और न ही पैबंद बचे हैं। याचिकाकर्ताओं में खड़ा नागरिक समाज इस श्रेय का हकदार है कि उसने एक सामान्य प्रक्रिया की अनदेखी को अपने कंधों पर लाद कर अदालत तक पहुंचाया। इस संदर्भ में अब सरकार को आगे बढ़कर अपनी आत्मा बतानी होगी। कम से कम अब बहस परिसर को लेकर नहीं पाठ्यक्रमों की उत्कृष्टता में छात्रों के भविष्य पर होनी चाहिए। केंद्रीय विश्वविद्यालय का धर्मशाला परिसर स्वाभाविक तौर पर अंतरराष्ट्रीय मानदंडों पर उच्च शिक्षा का वारिस हो सकता है। कोशिश तो यह होनी चाहिए कि पूरे हिमाचल में कम से कम आधा दर्जन आईटी पार्क स्थापित किए जाएं, लेकिन दहशत यह कि चैतडू का निमार्णाधीन आईटी पार्क भी उदासीनता के वर्षों को गिन रहा है।


ललित शर्मा
संपादक

## अन्तर्राष्ट्रीय शांति दिवस- 21 सितम्बर, 2025

# युद्ध-आतंक के दौर में शांति के लिये भारत की पुकार

अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस, जिसे प्रतिवर्ष 21 सितंबर को मनाया जाता है, आज के समय की सबसे बड़ी मानवीय आवश्यकता की याद दिलाता है। जब पूरी दुनिया युद्ध, हिंसा, आतंकवाद, जलवायु संकट और असमानताओं के दौर से गुजर रही हो, तब शांति का महत्व केवल एक आदर्श नहीं, बल्कि अस्तित्व का आधार बन जाता है। इतिहास गवाह है कि युद्धों ने मानव सभ्यता को केवल विनाश ही दिया है। दो विश्वयुद्धों में करोड़ों लोगों की जान गई, असंख्य परिवार उजड़ गए और सभ्यता के सपनों पर गहरी चोट लगी। आज भी यूक्रेन से लेकर सीरिया, अफगानिस्तान और अफ्रीका तक की धरती पर संघर्ष और आतंकवाद की आग धधक रही है। निर्दोष नागरिक, महिलाएं और बच्चे सबसे अधिक पीड़ा झेल रहे हैं। शरणार्थियों की भीड़, विस्थापितों के आँसू और टूटे हुए घर-परिवार इस बात का सबूत हैं कि युद्ध और आतंकवाद किसी भी समस्या का समाधान नहीं, बल्कि और बड़ी समस्या पैदा करते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना ही इसी उद्देश्य से हुई थी कि विश्व में शांति और सहयोग कायम हो। इसी क्रम में 1981 में महासभा ने 21 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस घोषित किया, ताकि पूरी दुनिया को यह याद दिलाया जा सके कि युद्धविराम, संवाद और अहिंसा ही मानव सभ्यता की रक्षा कर सकते हैं।




इस दिन संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में शांति की घंटी बजाई जाती है, जो यह प्रतीक है कि जब तक धरती पर शांति नहीं होगी, तब तक जीवन सुरक्षित नहीं हो सकता। आज विज्ञान और तकनीक ने मानव को अभूतपूर्व शक्ति और संसाधन दिए हैं, लेकिन इसके साथ ही भय, हिंसा, तनाव और असुरक्षा भी बढ़ी है। परमाणु हथियारों की दौड़ ने धरती को विनाश के कगार पर ला खड़ा किया है। आर्थिक असमानताएँ और संसाधनों की होड़ युद्धों और संघर्षों को जन्म दे रही हैं। जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय संकट नए विवादों एवं संकटों को जन्म दे रहे हैं। इस पृष्ठभूमि में अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस केवल एक औपचारिक अवसर नहीं, बल्कि एक चेतावनी और आान है। यह हमें सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम हिंसा और युद्ध की संस्कृति से ऊपर उठकर शांति, संवाद और सहयोग की संस्कृति को स्थापित कर सकते हैं, क्या हम धर्म, जाति और राजनीति की संकीर्णताओं से निकलकर एक वैश्विक परिवार के रूप में जी सकते हैं, क्या हम शिक्षा, करुणा और अहिंसा को अपने जीवन और समाज का आधार बना सकते हैं। विश्व शांति की दिशा में भारत का योगदान हमेशा से उल्लेखनीय रहा है और वर्तमान समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बार-बार वसुधैव कुटुंबकम- और एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का संदेश देकर मानवता को एक साझा परिवार के रूप में देखने की दृष्टि दी है। संयुक्त राष्ट्र और जी-20 जैसे वैश्विक मंचों पर मोदी ने संवाद, कूटनीति, अहिंसा और सहअस्तित्व को संघर्ष और युद्ध से बेहतर विकल्प बताया है। भारत के नेतृत्व में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान शांति और सतत विकास के एजेंडे को प्राथमिकता दी गई। आतंकवाद के विरुद्ध वैश्विक सहयोग, योग को विश्व स्तर पर शांति और मानसिक संतुलन का साधन बनाना, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन दुनियाभर विश्व अहिंसा दिवस मनाने जैसे प्रयास भी विश्व शांति को दीर्घकालिक आधार प्रदान करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी का यह मानना है कि शांति केवल संघर्षों की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि न्याय, समानता और सहयोग की उपस्थिति है। उनके नेतृत्व में भारत विश्व को न केवल आर्थिक और राजनीतिक सहयोग दे रहा है, बल्कि नैतिकता, अहिंसा, योग और सांस्कृतिक रूप से भी शांति की राह दिखा रहा है। महात्मा गांधी ने कहा था-शांति का कोई रास्ता नहीं, शांति ही रास्ता है। गांधी का यह विचार आज और भी प्रासंगिक प्रतीत होता है। नेल्सन मंडेला ने भी कहा था-शांति का निर्माण हथियारों से नहीं, बल्कि आपसी विश्वास और मेल-जोल से होता है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस बार-बार यह चेतावनी देते रहे हैं कि दुनिया को हथियारों की नहीं, बल्कि कूटनीति और संवाद की आवश्यकता है। शांति केवल एक आदर्श नहीं, यह सभी के जीवन और विकास का अधिकार है। महात्मा गांधी ने जिस अहिंसा और सत्याग्रह का मार्ग दिखाया, वह आज भी वैश्विक शांति की सबसे बड़ी आशा है। स्वामी विवेकानंद ने भी विश्व धर्म महासभा में यह संदेश दिया था कि समस्त धर्म मानवता को जोड़ने के लिए हैं, बाँटने के लिए नहीं। आज संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में भारत की भूमिका सबसे बड़ी एवं महत्वपूर्ण है, भारतीय सैनिक और अधिकारी अनेक देशों में जाकर शांति स्थापना के मिशनों में सक्रिय योगदान दे रहे हैं। भारत ने न केवल सिद्धांतों से बल्कि व्यवहार में भी यह दिखाया है कि शांति उसका मूल आदर्श है। इन विचारों और योगदानों की गूंज आज के समय में हमें सचेत करती है। अगर मानवता को बचाना है तो युद्ध, आतंकवाद और हिंसा को छोड़कर केवल शांति को अपनाना होगा। जब व्यक्ति, समाज और राष्ट्र स्तर पर शांति की चेतना जागेगी तभी सभ्यता का भविष्य सुरक्षित हो सकेगा। अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस हमें यही प्रेरणा देता है कि हम सहअस्तित्व, करुणा और संवाद की राह पर चलें और पूरी दुनिया को भय और हिंसा से मुक्त करके एक शांति और समरसता से भरा वैश्विक परिवार बनाएं। संघर्ष की अग्रिम पंक्तियों पर तैनात शांति सैनिकों से लेकर समुदाय के सदस्यों और दुनिया भर के कक्षाओं में पढ़ने वाले छात्रों तक, हर किसी की शांतिपूर्ण विश्व संरचना में महत्वपूर्ण भूमिका है। हमें हिंसा, नफरत, भेदभाव और असमानता के खिलाफ आवाज उठानी होगी; सह-अस्तित्व का अभ्यास करना होगा; और अपनी दुनिया की विविधता को अपनाना होगा। शांति-स्थापना की कार्रवाई करने के कई तरीके हैं। समझदारी, अहिंसा और निरस्त्रीकरण की तत्काल आवश्यकता के बारे में बातचीत शुरू करें। अपने समुदाय में स्वयंसेवा करें, अपनी आवाज से अलग आवाजों को सुनें, अपने कार्यस्थल पर भेदभावपूर्ण भाषा एवं व्यवहार को चुनौती दें, ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों तरह से अशांति फैलाने वालों की रिपोर्ट करें, और सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से पहले तथ्यों की पुष्टि जरूर करें। आप अपनी पसंद के बारे में भी बता सकते हैं, सामाजिक रूप से जागरूक ब्रांडों से सामान खरीदने का विकल्प चुन सकते हैं, या स्थिरता और मानव अधिकारों को बढ़ावा देने वाले संगठनों को दान दे सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकारों को आगे बढ़ाने, जलवायु परिवर्तन से लड़ने, तथा संघर्ष को रोकने और उसका जवाब देने के लिए वैश्विक प्रयासों का नेतृत्व करता है। वह शांति निर्माण आयोग के माध्यम से, जो 2025 में अपनी बीसवीं वर्षगांठ मना रहा है, गरीबी, असमानता, भेदभाव और अन्याय- हिंसा के सभी संभावित कारणों को दूर करने के लिए कार्य करता है। अपने 17 सतत विकास लक्ष्यों के माध्यम से , संयुक्त राष्ट्र समृद्धि बढ़ाने, स्वास्थ्य और जीवन स्तर को बेहतर बनाने, और सभी प्रकार के भेदभाव और अन्याय को समाप्त करने के देशों के प्रयासों का समर्थन करता है।



संयुक्त राष्ट्र के शांति सैनिक दुनिया भर में कठिन और खतरनाक परिस्थितियों में काम करते हैं और सभी को कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करते हैं। तथा हाल ही में अपनाए गए भविष्य के लिए समझौते में, संयुक्त राष्ट्र ने उभरती चुनौतियों और अवसरों - जैसे कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार का समाधान करने तथा भावी पीढ़ियों की सक्रिय भागीदारी का समर्थन करने का वादा किया है। संयुक्त राष्ट्र के एक्टनाउ अभियान ने दुनिया भर के लाखों लोगों को उन मुद्दों को चुनने, उन पर कार्रवाई करने और उनके प्रभाव को ट्रैक करने में मदद की है जो उनके लिए महत्वपूर्ण हैं। शांति स्थापना के कार्य शब्दों से अधिक जन-जीवन में जोर से गूंजें।

## उदय किशोर साह



## अपना होगा प्यार का नाम

कविता

दिल की धड़कन में तुम्हें बिठाकर
मैं तेरा दिन रात दीदार करूँ
उल्फत भरी है ये हमारी जिन्दगी
फिर भी मैं तुमसे ही प्यार करूं

ख्वाबों की महफिल में तुम्हें सजाकर
मैं जीवन भर तेरा ही इन्तजार करूँ
पलकों की पालकी में तुम्हें बिठाकर
दुल्हन बना तेरी सोलह श्रृंगार करूँ

अपनी जुल्फों के साये में हमें छुपा लो
जहाँ मैं अपनी प्यार का इजहार करूँ
जनम जन्म का साथी हमें बना लो
अपनी वादों का जीवन में साकार करूँ

नीले अम्बर की चौड़ी दहलीज। पर
प्यार की पंख लगा उड़ जायें वहाँ
जहाँ पे गम हमें छु भी ना पाये
ऐसा एक संसार बसायें जहाँ

लाख मोहब्बत का जमाना करे अपमान
हमें तनिक भी इसकी परवाह नहीं
मोहब्बत को हम देगें आज यहाँ सम्मान
चाहे कोई खुश रहे या नाखुश दर्द नहीं

# महाशक्ति की आराधना का पर्व शारदीय नवरात्र

महाशक्ति राजराजेश्वरी माता दुर्गा भवानी की आराधना का शुभ कालीन अति उत्तम जन प्रचलित पर्व शारदीय नवरात्र है, जहां जगत जननी की उपासना भक्तजन श्रद्धा पूर्वक नौ दिन तक लगातार करते हैं, यह काल वर्षा ऋतु की समाप्ति और शरद ऋतु के आगमन का संधिकाल भी है जब जलवायु और मौसम में परिवर्तन होता है, अतः आध्यात्मिक दृष्टिकोण से ही नहीं अपितु वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी शारदीय नवरात्रों का अपना विशेष महत्व है। संसार का हर प्राणी जब तक उसके शरीर में प्राण है शक्ति की चाह रखता है यह शक्ति तन, मन, धन, आध्यात्मिक, भौतिक, अभौतिक, नैसर्गिक, लौकिक, अलौकिक सुख-सुविधाओं से संबंधित हो सकती हैं। बिना शक्ति के हर जीव निष्प्राण है। इस शक्ति के उचित प्रयोग के लिए बुद्धि की आवश्यकता भी होती है। माता दुर्गा की साधना जीव को ज्ञान, शक्ति, धन-धान्य, वैभव, शांति और स्वास्थ्य से संपन्न कर भोग और मोक्ष प्रदान करती है। संसार में ऐसा कोई भी कार्य नहीं है जो माता की कृपा से संभव न हो सके, भगवती अपने सच्चे भक्तों की हर प्रार्थना स्वीकार कर हर समस्या का समाधान करती है।

शारदीय नवरात्रे अश्वनी माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से लेकर नवमी तिथि तक मनाए जाते हैं। इन दिनों देवी दुर्गा के नौ रूप शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और माता सिद्धिदात्री की पूजा विधि विधान से सम्पन्न की जाती है, माता के यह नौ स्वरूप हमारे शरीर के भीतर स्थित नौ चक्रों का ऊर्जा केंद्र है, जहां हर एक दिन भगवती के एक विशेष रूप का ध्यान, चिंतन, मनन, अर्चन, पूजन, जप, तप किया जाता है, जिससे हमारी इच्छा शक्ति, बौद्धिक शक्ति, कार्मिक शक्ति, शुद्ध होती है और हमें अपनी प्रारब्ध कर्मों से मुक्ति भी मिलती है। इस बार माता रानी हाथी पर सवार होकर भक्तों पर अनन्य कृपा अमृत बरसाने आ रही है जिसका ज्योतिषीय संदर्भ में और भी शुभदायक फल स्तुति गान है, साथ ही साथ इस बार नवरात्रि के नौ दिनों में तृतीया तिथि की वृद्धि होने से सभी भक्तजन पूरे दस दिनों तक माता की आराधना कर सकते हैं यह अपने आप में अति विशेष महत्व रखता है। भारत के अलग-अलग प्रांतों में शारदीय नवरात्रों में दुर्गा पूजा की रौनक और छटा अद्भुत होती है, भजन, कीर्तन, जागरण, हवन इस तरह के कई धार्मिक अनुष्ठान घर-घर में श्रद्धा पूर्वक आयोजित किए जाते हैं। अपने भीतर की आत्मिक शक्ति पुंज को प्रज्वलित करने का यह समय अति उत्तम है। साधना से जीवन में कई परिवर्तन होते हैं साथ ही साथ तन-मन का शुद्धिकरण भी होता है, देवी भगवती दुर्गा सच्ची उपासना से अति शीघ्र प्रसन्न होती हैं और अपने भक्त की हर मनोकामना पूर्ण करती हैं। कहते हैं ना यदि मन में ₹आनंद₹ है तो बाहर का संसार भी आनंदकारी लगता है और वहीं अगर मन व्यथित हैं, चिंताग्रस्त है तो हर सुख व्यर्थ, अर्थहीन लगता है, कुछ भी अच्छा नहीं लगता है। जिस भक्त को माता की कृपा पर विश्वास है वह और भी अधिक श्रद्धा और गहरी भक्ति के साथ भगवती की साधना इन नौ दिनों में पूरे विधि-विधान के साथ करता है। भक्त की आस्था परिणाम नहीं भीतर के परिवर्तन का प्रत्यक्ष गुणगान करती हैं और यही असंभव को संभव बना चमत्कारी प्रभाव उत्पन्न करती हैं। नवरात्रि में माता रानी की श्रद्धापूर्वक आराधना कर हर प्रकार के दैहिक, दैविक, भौतिक कष्टों से मुक्ति प्राप्त की जा सकती हैं चाहे वो दुःख प्रत्यक्ष हो या अप्रत्यक्ष। यह कदापि जरूरी नहीं है कि आप दुर्गा सप्तशती का पूरा पाठ स्वयं करें क्योंकि यह हर व्यक्ति के लिए संभव नहीं है, किंतु आप अपनी सामर्थ्य के अनुसार भगवती के नामों का संकीर्तन कर सकते हैं, आप कोई मातारानी के सरल मंत्र का शुद्ध भाव रख जप कर सकते हैं, नौ दिन व्रत उपवास करना संभव न हो तो आप सात्विक भोजन कर इन नौ दिनों में भगवती की आराधना कर सकते हैं। महामाई देवी दुर्गा बहुत दयालु है, माता की कृपा जिस पर होती है वह संसार का सबसे धनवान व्यक्ति है, माता अपने भक्तों की रक्षा करती हैं, उनके सभी अपराधों को क्षमा करती हैं और अनंत कृपा बरसती है। इस बार इन शारदीय नवरात्रों में आप धूमधाम से, प्रसन्नचित्त मन से, सच्ची श्रद्धा भक्ति भाव से, माता रानी की आराधना अवश्य कीजिए और माता से विशेष कृपा प्राप्त कर अपने जीवन को उलझनों से मुक्त कर सुखमय, समृद्धि सम्पन्न, स्नेह आनंद प्रेम से भरपूर आज और मंगलकारी भविष्य का निर्माण स्वयं कीजिए।

आप सभी के जीवन में यह शारदीय नवरात्रे शुभता लेकर आएं इसी मंगलमय प्रार्थना के साथ आप सभी को मेरा प्रणाम और शारदीय नवरात्रों की ढेर सारी शुभकामनाएं। सभी का कल्याण करने वाली हे जगजननी जगदम्बा ! आपको मेरा प्रणाम हैं, धन्यवाद हैं, मातारानी आप सभी का कल्याण करें, आपको सर्वस्व समर्पित, जय माता दी।


मोनिका डागा आनंद, चेन्नई, तमिलनाडु आपके स्नेह और प्यार का धन्यवाद !
रचना ( स्वरचित व सर्वाधिकार सुरक्षित)

# विजडम आइकॉन अवार्ड्स 2025 : शिक्षा, नवाचार और सामाजिक सरोकारों का भव्य उत्सव



**डॉ.शंभू पंवार**

नई दिल्ली, 19 सितंबर इकोफ्यूजन और एमप्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में जयपुर में विजडम आइकॉन अवार्ड्स 2025 का भव्य आयोजन हुआ। शिक्षा, नवाचार और सामाजिक सरोकारों को समर्पित इस कार्यक्रम में देशभर से वैज्ञानिकों, प्रोफेसरों, डीन, स्कूल प्रिंसिपल्स और कोऑर्डिनेटर्स ने भाग लिया। विशेष रूप से 100 से अधिक स्कूलों के प्रिंसिपल्स की सक्रिय उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर रूही दहिया, डॉ. यदु शर्मा, प्रोफेसर अनिल धवन, डॉ. प्रवीण गोस्वामी, डॉ.सत्येंद्र, डॉ. सुधांशु और डॉ. राजेश यादव (डीन, सुबोध कॉलेज) उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेताओं को सम्मानित किया और सीपीआर जैसी जीवनरक्षक तकनीकों पर उपयोगी जानकारी दी। एवं वीएलसीसी की नेहा व नीता अग्रवाल, एमप्रेस क्लब की खुशबू शर्मा, इकोफ्यूजन की फाउंडर डॉ. पूनम धवन, विशेष अतिथि शताब्दी अवस्थी तथा ऑस्ट्रिच ग्लोबल स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. प्रवीण मीणा की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में मधु भट्ट की गायन और आरोही टिंकर व शिवानी की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिक्षकों की सामाजिक गतिविधियों ने कार्यक्रम को जीवंतता दी। इस अवसर पर 11 विशेष कैटेगरी के अवार्ड प्रदान किए गए, जिनमें फ्यूचर एक्सीलेंस अवार्ड, इनोवेटिव अवार्ड, योगा अवार्ड और स्पिरिचुअल अवार्ड प्रमुख रहे। शिक्षा, नवाचार और सामाजिक जुड़ाव को नई दिशा देने के साथ उत्कृष्ट शख्सियतों को विजडम आइकॉन अवार्ड्स 2025 से सम्मानित किया गया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# श्रद्धा, भक्ति और रंगारंग झलकियों से सजा श्री रामलीला महोत्सव का चौथा दिन

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** उत्सव पैलेस रामलीला ग्राउंड में चल रहे श्री रामलीला महोत्सव का चौथा दिन श्रद्धा, कला और मनोरंजन का अनोखा संगम बन गया। सुबह से ही वातावरण भक्तिमय रहा और देर रात तक रंगारंग कार्यक्रमों ने दर्शकों को बांधे रखा।

दिन की शुरूआत प्रातः 9 बजे रासलीला और श्रीकृष्ण की निकुंज लीलाओं से हुई। मंच पर जब कलाकारों ने भगवान कृष्ण की बाल और युवा लीलाओं का मनोहारी चित्रण किया तो दर्शक भाव-विभोर होकर झूम उठे। प्रेम, भक्ति और दिव्यता से ओतप्रोत इन प्रस्तुतियों ने बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के हृदय को छू लिया।

शाम ढलते ही जैसे ही मंच पर रंगीन रोशनियां बिखरीं, महोत्सव का आकर्षण और बढ़ गया। रात 8:30 बजे वृंदावन से आए कलाकारों ने भव्य मंचन के जरिए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्री राम जन्म, बाल लीलाएं, श्री जानकी जन्म, शिव-कागभूषण संवाद और शंकर-कौशल्या संवाद जैसे प्रसंगों का जीवंत प्रदर्शन देखकर पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। हर दृश्य पर दर्शकों की भावनाएं उमड़ पड़ीं और उनकी आंखों में भक्ति और आस्था झलकने लगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री प्रकाश गुप्ता, संजय गुप्ता और प्रीति अग्रवाल का कमेटी द्वारा पुष्पगुच्छ और शॉल पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मंच से आयोजित विशेष लकी ड्रा ने समारोह में उत्साह का नया रंग भर दिया, जिसमें विजेताओं के नाम स्वयं अतिथियों ने घोषित किए। उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र कुमार गर्ग, सह-अध्यक्ष सुनील कुमार गोयल ह्यसोनी ताऊह्न, उपाध्यक्ष हरीश चन्द्र अग्रवाल, सुभाष चन्द्र अग्रवाल, ईश्वर सरन अग्रवाल, विनोद कुमार गुप्ता, वेद प्रकाश वर्मा, अरविन्द कुमार अग्रवाल, डॉ. सौरभ गुप्ता, जुगेश अरोड़ा, डॉ. अजय कुमार अग्रवाल, अनिल वशिष्ठ, इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार गोयल समेत बड़ी संख्या में गणमान्यजन मौजूद रहे। चौथे दिन का यह भव्य आयोजन न केवल भक्तिरस से सराबोर रहा बल्कि दर्शकों की उम्मीदों को भी और ऊंचा उठा गया। लोग उत्सुकता से अगली प्रस्तुतियों का इंतजार कर रहे हैं, ताकि रामलीला महोत्सव की यह आध्यात्मिक और सांस्कृतिक यात्रा उन्हें और यादगार अनुभव दे सके।

# पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा किया गया साइबर सेल का उदघाटन



वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना गंज पर साइबर सैल का उदघाटन किया गया । इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी शाहबाद एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे । साइबर सेल के माध्यम से थाना क्षेत्र में साइबर अपराधों की रोकथाम व पीड़ितों की त्वरित सहायता सुनिश्चित होगी। नागरिक अब ऑनलाइन फ्रॉड, हैकिंग, साइबर ठगी जैसे मामलों की शिकायत आसानी से दर्ज करवा सकेंगे ।पुलिस अधीक्षक, रामपुर ने आमजन से अपील की कि किसी भी साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत 1930 नंबर डायल करें या नजदीकी थाने/साइबर सेल से संपर्क करें ।साइबर जागरूक बनें, ठगी से बचें ।सुरक्षित रहें, सतर्क रहें।

# जिलाधिकारी ने विकासखंड चमरौआ स्थित निमार्णाधीन पशु चिकित्सा केंद्र का किया निरीक्षण



वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने विकासखंड चमरौआ के खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय व विकासखंड में निमार्णाधीन पशु चिकित्सा केंद्र का औचक रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को भवन की रंगाई पुताई कराने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने 59 लाख रुपये की लागत से निमार्णाधीन पशु चिकित्सा केंद्र, पनवड़िया के निर्माण कार्य को तीव्रगति से कराते हुए निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को दिये। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये और सभी कार्य मानक के अनुरूप ही करायें। जिलाधिकारी ने पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि पशु चिकित्सालय में आने वाले पशुओं के लिए शेड अच्छी गुणवत्ता का बनवाया जाये और चारा-पानी आदि की भी समुचित व्यवस्था होनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री जितेन्द्र जायसवाल, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रामलखन सहित बीडीओ चमरौआ मौजूद रहे।

# बिजली विभाग की लापरवाही पडी भारी, हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से किसान की दर्दनाक मौत

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर।** हाईटेंशन तार की चपेट में आने से किसान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। किसान की मौत से परिजनों में कोहराम बच गया परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है

प्राप्त जानकारी के अनुसार नूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम असदपुर धमरौली निवासी वीरेंद्र सिंह चौहान अपने खेत से सुबह पशुओं के लिए चारा लेने गया था। उनके खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली की हाईटेंशन लाइन काफी नीचे से होकर गुजर रही है। लाईन गुजरने से खेतों में करंट आने से उसकी मौत हो गई है। जब वीरेंद्र चौहान कई घंटों तक चारा लेकर घर वापस नहीं आया तो परिवार वालों को उसकी फिक्र हुई। परिवार वालों ने जब खेतों पर जाकर देखा तो किसान मृत अवस्था में पड़े हुए मिले। यह सब कुछ देख कर परिवार वालों के पैरों की जमीन खिसक गई। किसान की मौत की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई।आस पास के सैकड़ों किसान मौके पर पहुंच गए। घटना की खबर सुनकर थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने किसानों का गुस्सा सातवें आसमान पर देखकर पुलिस के भी हाथ पैर फूल गये। सैकड़ों किसानों महिलाओं ने बिजनौर मुरादाबाद रोड पर कई किलोमीटर लम्बा जाम लगा दिया। मौके पर कई थानों की पुलिस मौके पर मौजूद रहीं? पुलिस ग्रामीणों को समझाने बुझाने की कोशिश में लगी रही। मगर ग्रामीण व परिवार के लोग अपनी जिद पर अड़े हुए थे। परिवार व ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग के अधिकारीयों को कई बार अवगत कराया गया है खेतों से गुजर रही हाईटेंशन जर्जर लाईन ठीक कराई जाए। मगर आज तक विधुत विभाग के किसी भी अधिकारीयों के सर पर आज तक जूं नहीं रेंग रही है जो कि काफी नीचे लटक रही।

बिजली विभाग के अधिकारी इन लाईन को ठीक कराती। जब तक मृतक किसानों को मुआवजा का ऐलान नहीं करती तब तक शव को उठने नहीं दिया जायेगा दिया जायेगा। वीरेंद्र सिंह चौहान अपने पीछे दो पुत्र अंकित कुमार अनिल कुमार पत्नी सरोज को रोता बिलखता छोड़ गये है। मौके पर चांदपुर एसडीएम नितिन तेवतिया, सीओ देश दीपक सिंह ने आश्वासन देकर जाम खुलवाया। थाना प्रभारी निरीक्षक जय भगवान सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव का पंचायतनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया है। पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

# मालन नदी का तेज बहाव फिर टूटा बांदा, सिंचाई विभाग की मेहनत पर पानी फिरा



वेलकम इंडिया महमूद रजा

**बिजनौर।** बाकरपुर से हमीरपुर के बीच बना बांदा एक बार फिर मालन नदी के तेज बहाव की भेंट चढ़ गया। कुछ दिन पूर्व ही सिंचाई विभाग ने कड़ी मेहनत और संसाधनों के सहारे बल्ली व कट्टों से बांध को मजबूती प्रदान की थी, लेकिन गुरुवार को अचानक बढ़े जलस्तर ने विभाग की सारी तैयारियों को ध्वस्त कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि बांदा टूटने से आसपास की कृषि भूमि व आबादी को खतरा मंडरा रहा है। लोग रातभर जागकर नदी की स्थिति पर नजर रख रहे हैं। स्थानीय किसानों का कहना है कि हर बार अस्थायी इंतजाम किए जाते हैं, लेकिन स्थायी समाधान न होने से बार-बार संकट गहराता है। उधर सिंचाई विभाग के अधिकारियों का कहना है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और टीम मौके पर राहत व मरम्मत कार्य में जुटी हुई है।

# सेवा पखवाड़ा अभियान को लेकर भाजपा की बैठक आयोजित



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव तंगरोली में शकुंतला चौधरी के निवास स्थान पर भारतीय जनता पार्टी की एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी मुख्य अतिथि पुष्प लता पाल रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ शीला राणा एवं संचालन महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मोनिका यादव ने किया।

डॉ शीला राणा ने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया जायेगा इस अभियान का उद्देश्य समाज की अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचने में प्रत्येक कार्यकताओं को जन कल्याण से जोड़ना है मुख्य अतिथि पुष्प लता पाल ने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा महिलाओं को व बालिकाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री उज्जवल योजना, सखी केंद्र योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि कई योजनाएं चलाई गई हैं इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मोनिका यादव, महिला मोर्चा की जिला मीडिया प्रभारी डॉ शीला राणा, शिवांगी ठाकुर, सरौता सिसोदिया, उर्मिला पाल सीमा चौहान शकुंतला चौधरी मंजू चौहान श भाजपा कार्यकर्ता मौजूद है।

## आज होगा शिकारपुर में रामलीला का उद्घाटन

**शिकारपुर।** श्रीराम सेवा समिति के तत्वाधान में शिकारपुर स्थित रामलीला मैदान में श्री रामलीला महोत्सव का उद्घाटन 20 सितंबर को शाम 7 बजे सांसद डॉक्टर भोला सिंह, विधायक अनिल शर्मा और नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन राजबाला देवी सैनी द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी श्रीराम सेवा समिति के अध्यक्ष श्रीकृष्ण कुमार सिंघल ने दी है। शुक्रवार को समिति के अध्यक्ष श्रीकृष्ण कुमार सिंघल ने पत्रकारों को बताया कि उद्घाटन के बाद नारद की मोह लीला और मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्म की लीला का मंचन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 25 सितंबर को शिकारपुर के मुख्य बाजारों और मार्गों से होकर भगवान श्रीराम की बारात बैंड बाजे और सुंदर झांकियों के साथ निकाली जाएगी। रामलीला का मंचन श्री राधा स्वरी श्री राधा रानी बड़ी सरकार रासलीला व रामलीला मंडल बरसाना के संचालक स्वामी ओम प्रकाश बृजवासी की टीम द्वारा किया जाएगा।

# गुलदार हमले में महिला की मौत पर बसपा प्रतिनिधि मंडल ने दिया परिवार को सांत्वना



वेलकम इंडिया महमूद रजा

**नजीबाबाद।** ग्राम इस्सेपुर में गुलदार के हमले से अनुसूचित जाति की महिला मीरा पत्नी महेंद्र सिंह की मौत के बाद शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का प्रतिनिधि मंडल गांव पहुंचा। प्रतिनिधि मंडल ने मृतका के अंतिम संस्कार में भाग लेकर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। इस दौरान बसपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट अखिलेश हितेषी ने मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता की और मृतका के परिवार को आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार बेहद गरीब है, ऐसे में परिवार को भूमि का पट्टा भी उपलब्ध कराया जाए। बसपा प्रतिनिधि मंडल ने आरोप लगाया कि जिले में अन्य क्षेत्रों से छोड़े गए गुलदार अब नरभक्षी हो चुके हैं। गुलदार के आतंक से अब तक दर्जनों मौतें हो चुकी हैं, जिनमें हाल ही में नजीबाबाद क्षेत्र में तीन लोगों की जान जा चुकी है।

# जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से भूकंप एवं अग्नि सुरक्षा राज्यस्तरीय मॉकड्रिल हुई

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**चांदपुर।** स्थानीय गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चांदपुर-स्याऊ में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से भूकंप एवं अग्नि सुरक्षा राज्यस्तरीय मॉकड्रिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को स्कूल, ऊंचे भवन, हॉस्पिटल इत्यादि में भूकंप आने या आग लग जाने पर प्राथमिक बचाव के संबंध में जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में अग्निशमन अधिकारी सुभाष चंद्र तथा अरविंद सिसोदिया ने विद्यार्थियों को भूकंप आने या आग लग जाने की दशा में विभिन्न प्रकार के बचाव कार्यों से अवगत कराया साथ ही विद्यार्थियों को दुर्घटना में आहत व्यक्तियों की सहायता हेतु विभिन्न प्रकार के स्ट्रेचर पोश्चर बनाने सिखाए गए तथा उनका अभ्यास भी कराया गया। सिलेंडर में आग लग जाने की दशा में उस आग को बुझाने के विभिन्न प्रकार के उपायों तथा अग्निशामक यंत्र इत्यादि के उपयोग से अवगत कराते हुए उन उपायों का अभ्यास भी कराया गया। इसके पश्चात प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, डॉ जुबैर के नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा घटनाओं में आहत व्यक्तियों की प्राथमिक सहायता हेतु एक पूर्वाभ्यास का प्रदर्शन किया गया। उपजिलाधिकारी नितिन तेवतिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब भी कोई आपदा आती है, तो वह हमें बिना बताए दस्तक देती है। फिर चाहे वह भूकंप हो या आग, यह दोनों ही हमारे जीवन को अस्त-व्यस्त कर सकते हैं। लेकिन अगर हम इन परिस्थितियों के लिए पहले से तैयार हों, तो नुकसान को कम किया जा सकता है। ऐसी किसी आपदा आ जाने की दशा में सभी लोगों को प्राथमिक बचाव कार्य करने के साथ-साथ अग्निशमन विभाग को या आपातकालीन नम्बर पर यथाशीघ्र सूचना देकर सहायता मंगा लेनी चाहिए। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि आपातकालीन स्थितियां कभी भी उत्पन्न हो सकती हैं लेकिन हमें इससे घबराना नहीं चाहिए। इसके बजाय, हमें इनका सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

# थाने में वकीलों का प्रदर्शन: पुलिस पर अभद्रता का आरोप, थानाध्यक्ष पर कार्रवाई की मांग

वेलकम इंडिया महमूद रजा



बिजनौर के कीरतपुर थाना परिसर में देर रात वकीलों ने पुलिस के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। दर्जनों वकील पुलिसकर्मियों पर एक अधिवक्ता से अभद्रता का आरोप लगाते हुए थाने में ही धरने पर बैठ गए और जोरदार नारेबाजी की।यह घटना कीरतपुर थाना परिसर में हुई, जहां किरतपुर एडवोकेट एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ता इकट्ठा हुए। उनका आरोप है कि थानाध्यक्ष ने अपने काम से थाने गए अधिवक्ता इमरान अहमद के साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया।इस घटना से अधिवक्ताओं में रोष फैल गया। उन्होंने थानाध्यक्ष के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में अधिवक्ता रवि मेहरा, हसन अली चौधरी, साधना रस्तोगी, शहजाद अहमद, मोहन लाल, सुलेमान और मौ. आजम सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# ब्लाक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में ग्राम जटपुरा बोंडा में एक बैठक का आयोजन

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**जनपद बिजनौर के नजीबाबाद।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में ग्राम जटपुरा बोंडा में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विश्व मोहन सिंह ने बताया की ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में वोट चोर गद्दी छोड़ सिग्नेचर कैंपेन के आज से ग्राम जटपुरा बोंडा से प्रारंभ होगा और ब्लॉक नजीबाबाद के सभी गांव में वोट चोर गद्दी छोड़ सिग्नेचर कैंपेन चलाया जाएगा। कांग्रेसियों ने कहा कि सत्ता में बैठी सरकार ह्यकमजोर तबके का वोट काटना बंद करेह्न और चुनाव आयोग के साथ चल रहे मिली भगत का गंदा खेल बंद करे। बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी ने भारत का संविधान बनाकर भारतीय लोकतंत्र को मजबूती प्रदान की है। बाबा साहब द्वारा बनाये गये भारत के संविधान को सत्ता में बैठे लोग कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। हमारे देश की संवैधानिक संस्थाओं को दुरूपयोग कर रहे हैं। कांग्रेस का एक भी सिपाही सत्ता में बैठी सरकार के इस कृत्य को बर्दाश्त नही करेगा। सभी कांग्रेसी माननीय राहुल गांधी जी के साथ खड़े रहेंगे। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष विश्व मोहन सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी वसीम अख्तर, फैज आलम एडवोकेट, रिहान जमाल अंसारी, सुरेंद्रसिंह, कुसुम देवी, कपिल, मोहम्मद नफीस, संजीव कुमार, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद शाकिर, मुन्ने सिंह आदि रहे।

# पीएम व सीएम का स्वप्ना अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे सरकारी योजना-स्वतंत्र देव सिंह



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शुक्रवार को जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एस एस वी डिग्री कॉलेज पहुंचे और कॉलेज में उन्होंने प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में अपने विचारों को जनता के समक्ष रखते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र व प्रदेश की सरकार आज चौतरफा विकास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुजुर्गों के लिए आयुष्मान कार्ड प्रारंभ किया यह आयुष्मान कार्ड बुजुर्गों के लिए संजीवनी का कार्य करता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार कार्य करते हुए 11 वर्ष हो चुके हैं और इन 11 वर्षों में शायद ही कोई ऐसा दिन रहा हो जब उन्होंने देश की चिंता नहीं की हो बड़े से बड़े निर्णय लेने और निर्णय देश हित में लेना यह एक बहुत ही सकारात्मक कार्य है जब नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री भी नहीं थे तभी से उन्हें देश की चिंता थी जिसका उदाहरण उन्होंने पहली बार जब पेश किया जब आतंकवादियों ने ललकारा था कि लाल चौक पर तिरंगा फहराकर दिखाएं उनका मुंह तोड़ जवाब नरेंद्र मोदी ने ही दिया आज केंद्र में नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ का केवल यही स्वप्न है कि समाज के अंतिम पायदान तक जो भी व्यक्ति खड़ा है उसे सरकार द्वारा दी जाने वाली सारी सुविधाएं मिल सके सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि भारत में नहीं वरन संपूर्ण विश्व में मोदी के समर्थकों की कमी नहीं है वह जहां भी जाते हैं वहां के रहने वाले लोग उनकी बातों के कायल हो जाते हैं और उनकी बातों का अनुसरण करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नरेश तोमर ने की इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नगर, जिला प्रभारी सतपाल सैनी, क्षेत्रीय मंत्री कविता मादरे, गढ़मुक्तेश्वर विधायक हरेंद्र तेवतिया, सदर विधायक विजयपाल आढ़ती, धौलाना विधायक धर्मेश तोमर, जिला महामंत्री राजीव सिरोही, पुनीत गोयल, मोहन सिंह, जिला उपाध्यक्ष श्यामेंद्र त्यागी, राकेश त्यागी, राजेंद्र तेवतिया, पूर्व मंत्री मदन चौहान, पिलखुवा नगर पालिका अध्यक्ष विभु बंसल, ब्लॉक प्रमुख निशांत सिसोदिया व जिला मीडिया प्रभारी सुयश वशिष्ठ समय अनेक लोग रहे।

# दृष्टिहीन व्यक्ति के गिरने से हुई मौत

**कौसानी।** पर्यटन स्थल कौसानी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौसानी में एक दृष्टिहीन व्यक्तिकी सड़क पर पांव फिसलने से चोटिल होने से मौत हो गई।मृतक कुंदन सिंह कुंवर पुत्र जगमोहन सिंह कुंवर,निवासी ग्रामझसोली (कौसानी), जिला बागेश्वर की मृत्यु हो गई। बताते चलें कि उक्त दृष्टिहीन व्यक्ति राज्य अतिथि गृह मोटर मार्ग से पैदलझपैदल अपने घर की तरफ जा रहे थे एवं संतुलन बिगड़ने के कारण रोड से नीचे फर्श पर गिरने से उनके सिर पर गंभीर चोट आ गई।जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। जहाँ उसे मृत घोषित कर दिया गया।वही घटना कि जानकारी मिलते ही जिपं सदस्य और व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष बबलू नेगी भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौसानी पहुँचे।उन्होंने अस्पताल की बदहाली और यहां नियुक्त डॉक्टरों की अनुपस्थिति के चलते और समय पर उपचार ना मिलने के कारण उक्त दृष्टिहीन व्यक्ति की मृत्यु होने के आरोप लगाते हुए इसे कौसानी की अनदेखी बताया। जिसके बाद से ग्रामीणों में स्वास्थ्य विभाग के प्रति काफी रोष व्याप्त है। रोष व्याप्त करने वालों में जिला पंचायत सदस्य बबलू नेगी,पूर्व प्रदेश सहझसंरक्षक नीरज नेगी,ग्राम प्रधान किशन कुमार,क्षेत्र पंचायत प्रतिनिधि अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

# पूर्ण परियोजनाओं के कार्यो को यथाशीघ्र हैण्डओवर कराया जाये-सीडीओ

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



**दिनांक 19 सितम्बर 2025 प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने विकास भवन सभागार में 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं, पूर्वांचल विकास निधि व लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत सड़क निर्माण कार्यो की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में प्रान्तीय खण्ड के अधिशासी अभियन्ता ओ0पी0 चौरसिया ने सड़क निर्माण की प्रगति के सम्बन्ध में बताया कि प्रान्तीय खण्ड की 05 सड़कों में से एक सड़क का कार्य पूर्ण कर लिया गया है और 04 कार्य प्रगति पर है। निर्माण खण्ड-1 की 04 सड़कों मे से 02 सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है तथा 02 सड़कों पर 96 प्रतिशत कार्य हो चुका हैं। इसी प्रकार निर्माण खण्ड-2 आदि के सड़क निर्माण के सम्बन्ध में जानकारी दी। सीडीओ ने निर्देशित किया कि सड़कों के निर्माण कार्य गुणवत्तायुक्त होने चाहिये। सीडीओ ने 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं में उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, सेतु निर्माण, सी0 एण्ड डी0एस यूनिट-10 प्रयागराज, यूपीपीसीएल निर्माण इकाई-14 लखनऊ, यूपीपीसीएल निर्माण इकाई-2 प्रयागराज, यूपीआरएनएसएस प्रयागराज, यूपी राजकीय निर्माण निगम प्रयागराज आदि कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराये जा रहे परियोजनाओं के निर्माण कार्य की समीक्षा की गयी और निर्देशित किया गया कि जिन कार्यदायी संस्थाओं के द्वारा कार्यो में लापरवाही बरती जा रही है उनके खिलाफ नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाये। उन्होने कहा कि जिन परियोजनाओ का कार्य पूर्ण हो गया है उसे यथाशीघ्र हैण्डओवर किया जाये। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी सम्बन्धित अधिकारी अपने-अपने परियोजनाओं के कार्यो का स्थलीय निरीक्षण कर उसकी गुणवत्ता को देखें और जो भी कमियां दिखायी दें उसे सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को समय रहते अवगत करा दें जिससे निर्माण कार्य को दुरूस्त कराया जा सके। उन्होने निर्देशित किया कि जिन परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है उनका भुगतान समय से किया जाये। सभी विभाग गाइडलाइन के अनुसार ही कार्य को करें। इसी प्रकार पूर्वांचल विकास निधि के कार्यो की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क में बने गड्ढे, राहगीरों को बने सिर दर्द, जिम्मेदार अधिकारी बेखबर



**वेलकम इंडिया**

शिकारपुर/बुलंदशहर/ अहमदगढ़ थाना क्षेत्र में मेरठ-बदांयू हाईवे से गांव मामऊ जाने वाले पुराने संपर्क मार्ग में गड्ढे बन गए हैं जिसको लेकर जिम्मेदार अधिकारी बेखबर हैं। जानकारी के अनुसार मेरठ बदायूं-हाईवे पर रानीवाला से दरवेशपुर, अनूपशहर जाने वाला रोड गांव से बाहर बाईपास जा रहा है यही से लिंक मार्ग करीब एक किलोमीटर पुरानी सड़क संपर्क मार्ग सिंगल बना हुआ है जोकि यह सड़क मार्ग विष्णु शर्मा के ट्यूबेल से प्राइमरी स्कूल तक जाता है। इस सड़क मार्ग में जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं जोकि बारिश के दौरान इनमें पानी भर जाता है और राहगीरों को पैदल निकलने में परेशानी होती है वही ग्रामीणों ने इस सड़क मार्ग को गड्ढा मुक्त कराने के लिए विभागीय अधिकारियों से मांग की है।

# द प्रेस क्लब के सदस्यता अभियान को मिला बड़ा समर्थन उपज के 125 पत्रकारों ने भरे आवेदन, कहा–एकजुट होकर होगा पत्रकार समाज मजबूत

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**



**मेरठ।** द प्रेस क्लब के सदस्यता अभियान को पत्रकारों का व्यापक समर्थन लगातार मिल रहा है। शुक्रवार को इस अभियान ने एक नया आयाम छू लिया, जब उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट्स (उपज) की ओर से जिलाध्यक्ष अजय चौधरी ने कार्यसमिति एवं संगठन के सदस्यों के साथ मिलकर 125 सदस्यता आवेदन पत्र प्रेस क्लब अध्यक्ष रवि शर्मा को सौंपे। द प्रेस क्लब अध्यक्ष रवि शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि यह कदम पत्रकारों की एकजुटता और संगठनबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मेरठ में उपज तेजी से उभरता हुआ एक सशक्त पत्रकार संगठन है, जिसके प्रत्येक सदस्य को संगठन की नींव करार दिया जा सकता है। उपज जिलाध्यक्ष अजय चौधरी ने कहा कि पत्रकारों के हितों एवं समस्याओं के समाधान के लिए सभी संगठनों को एक मंच पर आना होगा। द प्रेस क्लब ने इस दिशा में जो पहल की है, उसमें उपज पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ सहयोग करेगा। महामंत्री ललित ठाकुर ने प्रेस क्लब को पुनर्जीवित करने की प्रतिबद्धता जताई, वहीं कोषाध्यक्ष विश्वास राणा ने इसे मेरठ के पत्रकारों का भविष्य बताया।

वरिष्ठ पत्रकार जगमोहन शाकाल ने कहा कि पत्रकार समाज तभी मजबूत होगा, जब बिखराव की जगह सभी एकजुट होकर एक मंच पर खड़े होंगे। उन्होंने द प्रेस क्लब की इस पहल को मेरठ की पत्रकारिता के लिए मील का पत्थर बताया। इस अवसर पर द प्रेस क्लब के संयोजक दिनेश चन्द्रा, संरक्षक समिति के संत राम पांडे, उपज से जुड़े अरुण सागर राज, अमित तोमर, जयवीर त्यागी, रवि ठाकुर, राहुल राणा, रवि गौतम, अखिल गौतम, विजय वर्मा, कुलदीप, राजीव शर्मा, नरेंद्र शर्मा रोहित कुमार सहित अनेक पत्रकार मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत सचिव को सौंपा ज्ञापन



**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर अगौता क्षेत्र के गाँव बोंदरा में ग्राम पंचायत बोंदरा के चामुंडा माता मंदिर के प्रांगण में एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामवासियों के साथ साथ अगौता ब्लॉक से ग्राम पंचायत सचिव अरविंद यादव मौजूद रहे। ग्रामीणों ने गाँव में पानी निकासी नाली निर्माण खड़ंजा शौचालय आदि समस्याओं को लेकर ग्राम पंचायत सचिव को ज्ञापन सौंपा और उनका जल्द से जल्द समाधान करने के लिए कहा। इस मौके पर कौशल चौधरी विनोद शर्मा जगबीर सिंह जोनी सिंह धर्मबीर सिंह बलजीत सिंह राविंदर सिंह शशि कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय साहित्यकार सम्मान समारोह में सुश्री मोहिनी दासी सम्मानित

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/वृंदावन।** प्रसिद्ध कथा एवं गीता वाचक तथा भजन गायिका सुश्री मोहिनी कृष्ण दासी को अखिल भारतीय साहित्यकार सम्मान समारोह में विशेष रूप से मंच पर सम्मानित किया गया।

सम्मान समिति के पदाधिकारियों ने उन्हें साहित्य सम्मान एवं भजन-गायन के क्षेत्र में विशेष योगदान हेतु सम्मान-पत्र एवं स्मृति-चिन्ह भेंट किए। इस अवसर पर चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के पूर्व कुलपति डा. रविंद्र, ब्रज संस्कृति परिषद के विशेष प्रतिनिधि डा. उमेश चंद्र शर्मा, तथा आयोजक समिति के अध्यक्ष दिनेश पाठक 'शशि' सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र ने किया। अपने उद्बोधन में संचालक ने बताया कि मोहिनी कृष्ण दासी वृंदावन धाम की उभरती हुई भजन गायिका एवं कथा वाचक हैं। उनकी कथाएं महाकुंभ (प्रयागराज), नेपाल, फिरोजाबाद, जयपुर, वृंदावन सहित अनेक स्थलों पर आयोजित हो चुकी हैं। उनके भजन यूट्यूब पर तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं और लाखों लोगों द्वारा सराहे जा रहे हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि सुश्री मोहिनी कृष्ण दासी का साहित्यिक रुझान भी अत्यंत गहरा है। उनकी दो पुस्तकें – ह्यब्रज रस की मोहिनी वाणी तथा ह्यसनातन ज्ञान प्रश्नोत्तरी – शीघ्र ही प्रकाशन के लिए तैयार हैं। समारोह में देशभर से आए लगभग डेढ़ सौ साहित्यकार, रचनाकार, लेखक, आकाशवाणी एवं दूरदर्शन से जुड़े कलाकार उपस्थित थे।

# मंत्री जी हाथ जोड़ विनती है पालड़ी छीना-कनगाड़ छीना सड़क का निर्माण करवा दीजिए

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर,** पालडीछीना-जेनकरास, कनगाड़छीना मोटर मार्ग का निर्माण कराने की मांग को लेकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी और क्षेपं सदस्य फौजी फतेह सिंह करायत ने केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में अपने क्षेत्र के लोगों की सड़क निर्माण की मांग को जल्द पूरा करने की मांग की।उन्होंने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा से सड़क निर्माण की मांग को लेकर लगातार संघर्षरत रहने, और वन अधिनियम के तहत सड़क निर्माण कार्य लंबित होने तथा शीघ्र सड़क के निर्माण के लिए इसकी स्वीकृति दिलाने की अपील की।कहा कि वे स्वंत्रता संग्राम सेनानी के पुत्र होने के साथ साथ एक सैनिक भी है।वही क्षेत्रीय जनता का प्रतिनिधि होने के नाते जनहित के मुद्दे पर जनभावनाओं के अनुरूप विकास करना अपनी प्राथमिकता बताते हुए जल्द सड़क निर्माण नही होने पर पुनः क्षेत्रवासियों को किए गए वायदे पर खरे नही उतरने पर क्षेत्रीय जनता के साथ पुनः आमरण अनशन करने की बात कही।वही केंद्रीय मंत्री ने क्षेपं सदस्य फतेह सिंह को जल्द सड़क निर्माण कार्य को स्वीकृति दिलाने हेतु प्रयास करने का आश्वासन दिया।वही क्षेपं सदस्य ने कहा कि पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. चंदन राम दास का आभार जताते हुए जनभावनाओं का सम्मान करते हुए उनके द्वारा क्षेत्र के विकास में भरपूर सहयोग दिए जाने और वर्तमान विधायक पार्वती दास और उनके प्रतिनिधि भाष्कर दास द्वारा भी भरपूर सहयोग मिलने पर उनका आभार जताया और केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा से शीघ्र सड़क निर्माण हेतु अपने स्तर से स्वीकृति दिलाने की मांग की।

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट से कृषि प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर किसानों को फसल अवशेष जलाने से मिट्टी की गुणवत्ता को होने वाले नुकसान एवं फसल अवशेष प्रबंधन हेतु सरकार की ओर से दी जा रही सुविधाओं के बारे के जागरूक करने के लिए कृषि विभाग के द्वारा प्रचार वाहन के माध्यम से जनपद में प्रचार प्रसार किया जाएगा। शुक्रवार को जिलाधिकारी श्रुति ने कलेक्ट्रेट से कृषि प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वाहन द्वारा किसानों को फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान, उर्वरक क्षमता को होने वाली हानि, फसल अवशेष प्रबंधन हेतु दी अनुदान पर दिए जा रहे उपकरणों आदि के बारे में ग्रामीण क्षेत्रों में घूम घूमकर किया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व अभिषेक सिंह, उप कृषि निदेशक बबलू कुमार, जिला कृषि अधिकारी रामकुमार यादव उपस्थित रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में खडी कबाडे की तीन एम्बूलेंसों में लगी आग



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/कोसीकलां।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के ऑक्सीजन प्लांट के पीछे खाली पडे स्थान पर खडी कवाडे की तीन एम्बुलेंसों में अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गयी। आग लगते वाहनों से लंबी लंबी लपटें उठने लगी। आग की खबर से स्वास्थ्य केन्द्र पर अफरातफरी मच गयी। प्रभारी चिकित्सक ने फायर विग्रेड एवं पालिका प्रषासन को मामले की सूचना दी, लेकिन फायर विग्रेड की कोई गाडी घटना स्थल पर नहीं पहुंची।

इससे पहले पालिका के एक टेंकर ने घटना स्थल पर पहुंच कर आग पर बमुष्किल काबू पाया। आग बुझने के काफी देर बाद पहुंची फायर विग्रेड की गाडी खानापूर्ति कर वापस लौट गयी। तब कहीं जाकर स्वास्थ्य केन्द्र के स्टॉफ एवं मरीज व तीमारदारों ने राहत की सांस ली।

# कांग्रेस ने किया केंद्रीय मंत्री का पुतला दहन

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर,** कांग्रेस ने केंद्रीय सड़क राज्य मंत्री अजय टम्टा का पुतला दहन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि लगभग डेढ़ वर्ष से क्वारब के समीप सड़क बंद है। जिसके कारण तीन जिले के लोग प्रभावित हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री जिम्मेदारी से मुंह मोड़ रहे हैं। उन्हें लोगों की परेशानी से कोई लेना-देना नहीं रह गया है। कांग्रेस इस तरह की मनमानी को सहन नहीं करेगी। शुक्रवार को कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भगवत सिंह डसीला के नेतृत्व में कांग्रेसी एसबीआई तिराहे पर एकत्र हुए। उन्होंने कहा कि उनके गृह क्षेत्र के समीप लम्बे समय से राष्ट्रीय राजमार्ग को ठीक कराने में केंद्रीय मंत्री अब तक प्रभावी व्यवस्था नही करा पाए है तो अन्य स्थानों का क्या होगा। अल्मोड़ा जिले के क्वारब के समीप डेढ़ वर्ष से सड़क बंद है। लगातार भूस्खलन के कारण वाहनों की आवाजाही पर ब्रेक है।जिससे कुमाऊँ क्षेत्र के अल्मोड़ा बागेश्वर ओर पिथौरागढ़ जिले के लोगों को आवागमन में काफी परेशानियां उठानी पड़ रही है। दुर्घटनाओं का भी भय बना हुआ है। हल्द्वानी आदि स्थानों को जाने वाले लोग एक दिन पहले घर से निकल रहे हैं। एंबुलेंस घंटों जाम में फंस रहे हैं। वाहनों को दूसरे स्थान से होकर जाना पड़ रहा है।सड़क बाधित होने से माल भाड़ा तथा किराया भी बढ़ गया है।व्यापारी वर्ग के साथ साथ आमजन को सड़क बंद होने से महंगाई की मार का सामना करना पड़ रहा है। जिसके कारण आम जनता बेहाल है।कांग्रेसी नेताओं ने मंत्री गो बैक के नारे लगाते हुए बयानबाजी बंद करो, जल्द एनएच सड़क की व्यवस्था ठीक करो, नही तो इस्तीफा दो के नारे लगाते हुए अपना विरोध दर्ज किया।कहा कि अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ तथा बागेश्वर के अलावा चमोली जिले के सीमांत गांवों के लोग क्वारब से सबसे अधिक प्रभावित हो गए हैं। उन्होंने शीघ्र सड़क को दुरुस्त करने की मांग की। इस अवसर पर पूर्व जिपं अध्यक्ष हरीश ऐठानी, गीता रावल,हरीश त्रिकोटी, कुंदन गिरी, दान सिंह, हरीश ऐठानी, भीम कुमार, मुन्ना पांडे, बहादुर सिंह, महेश पंत, पनीराम, बालकृष्ण, नरेंद्र सिंह रोहित खैर आदि उपस्थित थे।

# फर्जी दस्तावेजों के जरिए भूमि पर कब्जे का प्रयास, छह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**मथुरा/गोवर्धन।** थाना क्षेत्र के गांव जचौदा निवासी राजू ने न्यायालय के आदेश पर छह से अधिक लोगों के खिलाफ फर्जी दस्तावेज तैयार कर भूमि पर अवैध कब्जा करने का गंभीर आरोप लगाया है। राजू का कहना है कि सचिन ठाकुर (निवासी कुम्हार गली, गुर्जर घाटी, मथुरा), सोनू अग्रवाल (माधवपुरी, मथुरा), अंजलि (अशोका सिटी, मथुरा), आशीष कुमार (भूतेश्वर, कृष्णा नगर, मथुरा), सुरेश चंद्र और इस्लाम खान (निवासी अडींग) समेत अन्य लोगों ने मिलकर कूटरचित दस्तावेज तैयार किए और उसकी भूमि का फर्जी बैनामा करवा लिया। आरोप है कि उक्त लोगों ने इसके बाद जमीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश भी की। इस संबंध में पीड़ित ने न्यायालय का रुख किया, जहां से आदेश मिलने के बाद थाना गोवर्धन में संबंधित धाराओं के अंतर्गत एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है, और जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाने की बात कही जा रही है।

# मुख्यमंत्री योगी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव मेला का किया अवलोकन

मनोज शर्मा/वेलकम इंडिया



**मथुरा।** प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज फरह के नगला चन्द्रभान स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय धाम में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव मेला में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। उन्होंने सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के स्मारक पहुँचकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया तथा पुष्प व मल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित की।

इसके पश्चात मा० मुख्यमंत्री जी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय धाम में स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र का अवलोकन किया। औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में उन्होंने वस्त्रालय कक्ष देखा, जहां पर सिलाई मशीन, शर्ट, कुर्ते आदि का अवलोकन किया। औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में उन्होंने विभिन्न औषधियों का जायजा भी लिया। प्रदेश के मा० मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने पं० दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव मेला (विराट युवा सम्मेलन) में सभी को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के ऐसे महापुरूष का जिन्होंने स्वतंत्र भारत को भारत की एक दृष्टि दी, भारत और भारतीय एकता के बारे में उन पक्षों से अवगत कराने का कार्य किया, जिस पर विकसित भारत की आधारशिला टिकी है, ऐसे अन्त्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पवित्र स्मृति महोत्सव के साथ हम सब यहां पर जुड़ रहे हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की समग्र दृष्टि भारत और भारतीयता के प्रति जो थी, आज भारत में जो परिवर्तन दिखाई दे रहा है, इस परिवर्तन के पीछे यह वही जीवन दृष्टि है, जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने 1950 के दशक में स्वतंत्र भारत को और उस समय के राष्ट्रीय नेतृत्व को बड़ी प्रखरता के साथ प्रदान किया था। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जो सपना था कि हर हाथ को काम और हर खेत को पानी। अर्थ नीति का आधार स्वदेशी होना चाहिए। जो दृष्टि/विजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने 1950 और 1960 के दशक में भारत के राजनैतिक नेतृत्व को, समाज जीवन को जो दृष्टि दी थी, आज उसी का परिणाम है कि पिछले 11 वर्ष में हम सबने बदलते भारत को देखा है। मा० मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज भारत दुनिया की सर्वोच्च चार अर्थव्यवस्था में शामिल है और अगले साल तक भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा। युवाओं, किसानों, व्यापारियों, श्रमिकों आदि के कल्याण के लिए योजनाएं चलाई जा रही है। सभी के हितों के लिए सरकार कार्य कर रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के मंत्रों में असंभव को संभव बनाने का मंत्र छुपा हुआ है। जिसको आत्मसात करते हुए मा० प्रधानमंत्री जी ने भारत को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि पिछले 5.50 वर्षों से लगातार 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन प्रदान किया जा रहा है। हर महीने गरीब भारतीय के घर में पांच किलो राशन फ्री में उपलब्ध हो जाता है। 11 करोड़ अन्नदाता किसानों को स्वाइल हेल्थ कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। किसानों को उपज का दाम दिया जा रहा है। लागत का देढ़ गुना दाम उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। श्रमिकों को उनकी सामाजिक सुरक्षा की बीमा की स्कीम से जोड़ने का काम हुआ है। युवाओं के लिए मिशन रोजगार के साथ साथ स्टॉटअप और स्टैण्डअप जैसी योजनाओं ने उनके जीवन में एक नया परिवर्तन लाया है। आज भारत युवा जॉब सीकर नहीं जॉब क्रिएटर बन गया है। नारी गरिमा / सशक्तिकरण / सम्मान / सुरक्षा के लिए बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ, फिट इण्डिया, खेलों इण्डिया, नारी शक्ति वंदन अधिनियम आदि अनेक कार्यक्रम संचालित है।

# कलाम मोबाइल शॉप का हुआ भव्य उद्घाटन



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** शुक्रवार को सेमरियावा में कलाम मोबाइल शॉप का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। इस दौरान क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने शिरकत की। सेमरियावां में शुक्रवार को कलाम मोबाइल शाप का भव्य उद्घाटन संपन हुआ।

इस दौरान थानाध्यक्ष दुधारा इन्द्रभूषण सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मुहम्मद अहमद, शहजाद अहमद, रिजवान मुनीर, मुहम्मद अहमद खान, वसी अहमद खान, मुबारक हुसेन, संजय सिंह, अरशद जलाल कुरैशी, अब्दुल कलाम, अब्दुल सलाम, अब्दुर्रहीम, अब्दुल्लाह, मुहम्मद जैद, डॉ. अख्तर हुसैन, मास्टर अब्दुल हई, जाफर अली, मुहम्मद परवेज अख्तर, अरमान अहमद, अदील अहमद, हाफिज इमरान अहमद, मुहम्मद शाहिद, जफीर करखी, अब्दुल हकीम, इसरार अहमद उर्फ बबलू, इसरार अहमद, मुहम्मद तव्वाब अंसारी, खुर्शीद आलम, निसार अहमद, जफीर अली, तनवीर चौधरी सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने शिरकत की।

# एसएसपी ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली और निरीक्षण किया। इस दौरान कर्मचारियों का टर्न आउट, शस्त्र अभ्यास, अग्निशामक यंत्रों के प्रयोग व घटनास्थल को सुरक्षित करने की कवायत कराई गई। एसएसपी ने थानों एवं पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर मेडिकल किट, येलो टेप और रेस्पांस टाइम बेहतर करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षणरत रिक्रूट आरक्षियों से भी बातचीत कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

तत्पश्चात पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर स्वच्छता, अभिलेखों के संधारण और वाहनों की नियमित चेकिंग के आदेश दिए।

# स्वच्छता जागरूकता और नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित



वेलकम इंडिया

**कांधला।** (संवादाता मोहसीन रहमानी) नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को स्वच्छ उत्सव, थीम पर 'स्वच्छता ही सेवा, अभियान के अंतर्गत नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने अपने-अपने नारों, स्वच्छता ही सेवा है, गंदगी जानलेवा है, भारत विश्व गुरु बनेगा जब स्वच्छता की ओर बढ़ेगा, ह्लगांधी जी का यही है नारा, स्वच्छ हो अपना देश हमारा, के माध्यम से स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया। प्रतियोगिता का परिणाम निर्णायक मंडल डॉ. पंकज चौधरी एवं डॉ. ब्रिजेश कुमार राठी ने घोषित किया। प्रथम स्थान प्रिंसी बीएससी द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान मुस्कान व जुवैरिया, बीए तृतीय वर्ष, तथा तृतीय स्थान सुमन बीए तृतीय वर्ष व जारा बीए द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्याम बाबू के नेतृत्व संपन्न किया गया इस दौरान छात्राएं व विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# नि:शुल्क नेत्र जाँच एवं परामर्श 20 सितम्बर को

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** महाराजा अग्रसेन जयन्ती महोत्सव के अन्तर्गत स्व0 श्री मेघ अग्रवाल जी की पुण्य स्मति में मैसर्स राजस्थान ज्वैलर्स, मथुरा के सौजन्य से कल्याणं करोति मथुरा द्वारा नेत्र रोगियों की सेवार्थ निःषुल्क नेत्र जॉच एवं परामर्ष शिविर का आयोजन दिनॉक 20 सितम्बर 2025 तक अग्रवाल धर्मशाला, तिलकद्वार, मथुरा पर आयोजित किया जा रहा है। ऑपरेशन हेतु भर्ती दिनॉक 20 सितम्बर 2025 को प्रातः 10:00 बजे से की जायेगी।

निःशुल्क नेत्र जॉच एवं परामर्ष में नेत्र रोग विशेषज्ञ टीम द्वारा नेत्र रोगियों के मोतियाबिन्द, परवाल, कालापानी आदि रोगों का उपचार एवं ऑपरेशन निःशुल्क रूप से सम्पन्न किये जायेंगे। इस नेत्र जॉच एवं परामर्ष में मोतियाबिन्द रोगियों के लैन्स प्रत्यारोपण भी किये जायेंगे। ऑपरेशन के योग्य पाये गये नेत्र रोगीयो को पलंग, बिस्तर, दवा एवं भोजन की व्यवस्था पूर्णतः निःशुल्क रूप से की गई हैं। भर्ती किये गये नेत्र रोगियों के ऑपरेशन कल्याणं करोति द्वारा संचालित श्रीजी बाबा चिकित्सा संस्थान, गोवर्धन रोड, मथुरा पर सम्पन्न किये जायेगें। नोटः- नेत्र रोगी ऑपरेशन कराने हेतु अपने साथ मोबाइल नं0 एवं पहचान पत्र की फोटो कॉपी अवश्य साथ लायें।

# स्वास्थ्य शिविर आयोजित, प्रधानमंत्री के जन्मोत्सव पर सैकड़ों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

वेलकम इंडिया



**कांधला।** संवादाता मोहसीन रहमानी नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म उत्सव के अवसर पर, स्वस्थ नारी- सशक्त परिवार, अभियान के तहत एक मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में महिलाओं सहित नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने हिस्सा लिया। शिविर का शुभारंभ भाजपा एमएलसी वीरेंद्र सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन व कार्यशैली को जनसेवा और समाजहित के लिए प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि मोदी जी का जन्मोत्सव देशभर में जनकल्याणकारी कार्यक्रमों और सेवा कार्यों के रूप में मनाया जा रहा है। स्वस्थ कैंप में बीपी, शुगर, रक्त, काला पीलिया, एचआईवी, टीबी सहित कई गंभीर बीमारियों की जांच की गई और मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। डॉक्टर वीरेंद्र सिंह ने मौके पर मौजूद महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया और कहा कि नारी स्वस्थ होगी तो परिवार और समाज स्वतः ही सशक्त बनेगा। उन्होंने महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, संतुलित आहार लेने और स्वच्छता बनाए रखने की सलाह दी। शिविर में पहुंचे लोगों ने स्वास्थ केंद्र में अपने निजी खर्च से एसी, एक एलसीडी एवं नगद धनराशि सहित गमले भेद किए। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं दर्जन लोग मौजूद रहे।

# कांधला कॉलेज के छात्र ने तीरंदाजी में जीता स्वर्ण, तीन जनपदों को पछाड़ा

वेलकम इंडिया



**कांधला।** संवादाता मोहसीन रहमानी मां शकुंभरी विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में कांधला कॉलेज के बी.ए. तृतीय वर्ष के छात्र रोहन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शामली, सहारनपुर और मुजफ्फरनगर जनपदों के दर्जनों प्रतिभागियों को पछाड़कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रोहन की इस सफलता पर कॉलेज चेयरमैन ने उसे बधाई दी और कहा की प्रतिभाशाली है और भविष्य में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन करेगा। कॉलेज निदेशक आशीष तोमर ने रोहन की सराहना करते हुए कहा कि उसकी मेहनत और समर्पण से कॉलेज परिवार गर्व महसूस कर रहा है, प्रबंधन ऐसे होनहार विद्यार्थियों को हरसंभव सहयोग देगा। अपनी जीत पर रोहन ने खुशी जताते हुए कहा कि तीरंदाजी उसके जीवन का सपना है और वह कड़ी मेहनत करके देश का नाम रोशन करना चाहता है। विजय के उपरांत कॉलेज में मिठाई बांटी गई और छात्रों-शिक्षकों में उत्साह का माहौल रहा।

# भोला झाल पर मिला टोल प्लाजा मैनेजर का शव, अपहरण के बाद की गई हत्या

वेलकम इंडिया



**मेरठ/ मुजफ्फरनगर।** सनसनीखेज वारदात में छपार टोल प्लाजा मैनेजर का अपहरण कर उनकी हत्या कर दी गई। शुक्रवार सुबह जानी थाना क्षेत्र के भोला झाल किनारे टोल प्लाजा मैनेजर अरविंद कुमार पांडे (30) का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, मुजफ्फरनगर जिले के छपार टोल प्लाजा के मैनेजर जिला चंदौली निवासी अरविंद पांडे पुत्र श्री प्रकाश पांडे गुरुवार देर रात प्लाजा परिसर के बराबर में बने आवासीय भवन में कर्मचारी मुकेश के साथ सोए हुए थे। इसी दौरान आधी रात को हथियारबंद बदमाशों ने दरवाजा खुलवाकर दोनों पर धावा बोल दिया। बदमाशों ने मुकेश को घायल कर मौके पर ही छोड़ दिया और मैनेजर अरविंद का अपहरण कर ले गए। शुक्रवार सुबह स्थानीय लोगों ने भोला झाल गंगनहर किनारे एक युवक का शव पड़ा देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर जानी थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह राठौर, भोला चौकी इंचार्ज आदेश कुमार पहुंचे और शव की शिनाख्त कराई। पहचान टोल प्लाजा मैनेजर अरविंद पांडे के रूप में हुई। कुछ देर बाद छपार थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। मृतक के परिजनों को भी सूचना दे दी गई है। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर छानबीन कर साक्ष्य जुटाए। फिलहाल हत्या और अपहरण की इस वारदात ने टोल प्लाजा सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# खिचड़ी ने देर तक श्रोताओं को बांधा

वेलकम इंडिया



**सहारनपुर।** मेला गुघाल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में स्व. सेठ गंगा प्रसाद माहेश्वरी सभागार (जनमंच) में नगर निगम द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। उद्घाटन महापौर डॉ. अजय कुमार, जिलाधिकारी मनीष बंसल, एसएसपी आशीष तिवारी व निवर्तमान महापौर संजीव वालिया द्वारा मां शारदा के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कवि सम्मेलन की शुरूआत मुमताज नसीम द्वारा सरस्वती वंदना से हुई। स्वयं श्रीवास्तव के संचालन में देर रात चले कवि सम्मेलन में सहारनपुर के युवा गीतकार डॉ. मोहित संगम के देशभक्ति पूर्ण गीतों ने सभागार गूंजा दिया। नोएडा से आयी मीनाक्षी दिनेश ने अनेक गीतों के साथ प्रस्तुती दी। उनके बाद आये हास्य रस के जाने माने कवि बलबीर खिचड़ी की हास्य चुटकियों ने देर तक श्रोताओं को बांधे रखा। इसके अलावा पदम अलबेला, महाशर आफरीदी, भूपेंद्र राठौर ने भी श्रोताओं की नब्ज पहचानते हुए एक से बढ़कर गीत प्रस्तुत किये।

इससे पूर्व मनोज राणा व मौ. युनुस द्वारा कार्यक्रम में पधारे शोभित विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार महिपाल सिंह, डॉ. पी डी गर्ग, डॉ. कर्ण सिंह सैनी, उद्यमी सुधाकर अग्रवाल, हेमंत अरोड़ा, योगेश दहिया, शीतल टण्डन आदि का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कवि सम्मेलन में निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ.संदीप मिश्रा सहित निगम के अनेक अधिकारी व पार्षदगण भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मौ. युनुस ने किया।

# सफाई मित्र समाज के सच्चे प्रहरी: नगरायुक्त




वेलकम इंडिया

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा आईटीसी मिशन सुनहरा कल के सहयोग से नगर निगम परिसर में स्थापित सेल्फी प्वाइंट ह्यसेल्फी विद स्वच्छता प्रहरी का नगरायुक्त शिपू गिरि ने फीता काटकर व स्वच्छता प्रहरियों के साथ सेल्फी लेकर शुभारंभ किया। यह सेल्फी प्वाइंट नगर निगम परिसर के अलावा जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में भी स्थापित किया गया है।

इस अवसर पर नगरायुक्त ने कहा कि सफाई मित्र हमारे समाज के सच्चे प्रहरी हैं। उनके परिश्रम से ही हम सबको स्वच्छ वातावरण मिलता है। यह सेल्फी प्वाइंट उनके सम्मान का प्रतीक बनेगा और नागरिकों को प्रेरित करेगा कि वे स्वच्छता अभियान को जनआंदोलन का रूप दें। स्वच्छता ही सेवा अभियान को और अधिक सशक्त बनाने तथा नागरिकों के मन में सफाई कर्मियों के प्रति सम्मान की भावना जागृत करने के उद्देश्य से स्वच्छता पखवाडे.के अंतर्गत ह्यमिशन सुनहरा कल के सहयोग से नगर निगम सहारनपुर द्वारा यह विशेष पहल की गई है। इस अवसर पर नगर निगम के अपर नगरायुक्त मृत्युंजय सहित अनेक अधिकारियों ने भी सेल्फी ली। कार्यक्रम में आईटीसी मिशन सुनहरा कल के मयंक पाण्डेय एवं अन्य प्रतिनिधि तथा नागरिक उपस्थित रहे।

# अलग-अलग स्थानों पर युवकों के साथ हुई मारपीट


**कांधला।** संवादाता मोहसीन रहमानी कस्बे के रेलवे मार्ग स्थित छोटी नहर पुल के समीप बाइक सवार दो युवकों के साथ अन्य कई युवकों ने मारपीट कर दी। दूसरी और गढ़ी दौलत निवासी युवक ने आधा दर्जन युवकों पर बाईपास मार्ग पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। मुजफ्फरनगर जनपद के गांव बिराल निवासी सावन ने बताया कि वह अपनी बुआ के घर पर मोहल्ला शेखजादगान में आया हुआ था।और अपनी बुआ के पुत्र सूरज के साथ बाइक पर सवार होकर अस्पताल में अपने रिश्तेदार का पता लेने के लिए जा रहा था जब वह छोटी नहर पुल के समीप पहुंचा तो बाइक सवार कई अन्य ने रोक लिया और मारपीट कर दी। दूसरी और गांव गढ़ी दौलत निवासी राशिद पुत्र यूसुफ ने बताया कि कस्बे के बाईपास मार्ग स्थित चार खाबो के समीप कस्बे के आधा दर्जन युवकों ने लाठी डंडों से मारपीट की है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# दो स्थानों पर हुआ झगड़ा, पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज, आरोपियों की तलाश शुरू

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव का गंगेरू निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही तीन लोगों पर पीड़ित के भाई के साथ लाठी डंडों व बेल्टों से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी सुमित पुत्र कालूराम ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़ित का भाई संदीप अपने खेत पर गया हुआ था। आरोप है इसी बीच रंजिश के चलते गांव के ही इमरान पुत्र मोमीन, शावस पुत्र अय्युब व शादाब पुत्र इस्लाम ने पीड़ित के भाई के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। पीड़ित के भाई ने विरोध किया तो आरोप है कि तीनों लोगों ने एक राय होकर पीड़ित के भाई पर लाठी डंडों और बेल्टों से हमला कर दिया, शोर शराबा होने पर तीनों लोग पीड़ित के भाई को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने अपने भाई का डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के गांव भनेड़ा निवासी विपिन पुत्र स्वर्गीय धर्मपाल ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़ित अपने ट्रैक्टर पर सवार होकर पेट्रोल पंप से पेट्रोल लेने जा रहा था।

# भागवत निवास में धूमधाम से मनाया गया गोलोकवासी श्रीहरिकृष्ण गुप्ता एवं श्रीमती सूरजमुखी गुप्ता का स्मृति महोत्सव

(डॉ. गोपाल चतुवेर्दी)



**वृन्दावन।** रमणरेती मार्ग स्थित भागवत निवास में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन सम्मान समिति (रिस्पैक्ट एज इंटरनेशनल) के द्वारा पितृ पक्ष के उपलक्ष्य गोलोकवासी श्रीहरिकृष्ण गुप्ता एवं श्रीमती सूरजमुखी गुप्ता का स्मृति महोत्सव अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ मनाया गया ।सर्वप्रथम गोलोकवासी श्रीहरिकृष्ण गुप्ता एवं श्रीमती सूरजमुखी गुप्ता के चित्रपट का वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूजन-अर्चन किया गया ।तत्पश्चात ठाकुर गिरिंद्र बिहारी महाराज के समक्ष संतों व भक्तों के द्वारा श्रीहरिनाम संकीर्तन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन सम्मान समिति (रिस्पैक्ट एज इंटरनेशनल) के संस्थापक-अध्यक्ष डॉ. गिरीश गुप्ता ने कहा कि भारतीय वैदिक सनातन धर्म में पितृ पक्ष को अत्यन्त पवित्र माना गया है। शास्त्रों के अनुसार पितृपक्ष दिवंगत पितरों की आत्मा की शांति, तृप्ति और मोक्ष के लिए समर्पित होता है। इन दिनों में पितरों का आशीर्वाद पाने और उनके प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए श्राद्ध, पिंड दान व तर्पण आदि करना चाहिए। प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुवेर्दी ने कहा कि गोलोकवासी हरिकृष्ण गुप्ता और सूरजमुखी गुप्ता अत्यंत भगवत निष्ठ और सेवा भावी विभूति थे। उन्ही से प्राप्त सद संस्कारों से डॉक्टर गिरीश गुप्ता और उनका पूरा परिवार संत सेवा और लोक कल्याण के कार्यों में संलग्न है। महोत्सव में श्रीमती वीना गुप्ता, बाबा शुकदेव दास महाराज, सन्त निधि दास महाराज, सन्त जुगल दास, डॉ. राधाकांत शर्मा, राकेश गुप्ता, श्रीमती मधु गुप्ता, दिनेश गुप्ता श्रीमती मंजू गुप्ता आदि की उपस्थिति विशेष रही ।महोत्सव का समापन साधु, ब्राह्मण, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ हुआ ।जिसमें सैकड़ों व्यक्तियों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

## हार्ट अटैक से व्यापारी का निधन परिजनों में शोक की लहर

डिबाई/ बुलंदशहर/डिबाई के प्रसिद्ध किराना व्यापारी मनोज अग्रवाल(तम्बाकू बाले) उम्र 57 वर्ष का अचानक हार्टअटैक से निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही नगर के व्यापारिक और सामाजिक क्षेत्रों में गहरा शोक व्याप्त हो गया।

मनोज अग्रवाल नगर के पुराने और प्रतिष्ठित व्यापारियों में गिने जाते थे। उनकी सरलता, मिलनसार स्वभाव और सामाजिक कार्यों में सक्रियता के कारण वे नगरवासियों में लोकप्रिय थे। अचानक हुए इस दुखद घटना ने हर किसी को स्तब्ध कर दिया। नगर के व्यापारियों, समाजसेवियों और सैकड़ों गणमान्य नागरिकों ने उनके घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया और श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम संस्कार राजघाट स्थित श्मशान घाट पर किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों ने की मनचाही वस्तुओं की खरीददारी

वेलकम इंडिया



**झांसी।** बुंदेलखंड परिक्षेत्र के हस्तशिल्पियों को उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करने, उन्हें प्रशिक्षित करने, रोजगार देने और समुचित बाजार मुहैया कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार के बुंदेलखंड मेगा क्लस्टर प्रोजेक्ट के तहत बुंदेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित हस्त-शिल्प मेले के पांचवें दिन शुक्रवार को विद्यार्थियों ने अपनी जरूरतों को ध्यान में रखकर मनचाही वस्तुओं की खरीददारी की। शिक्षकों ने हस्तशिल्पियों का उत्साहवर्धन भी किया।हस्तशिल्प मेला युवाओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा। थीमेटिक एक्जिबिशन 2025 के नाम से आयोजित इस मेले का आयोजन उत्तर प्रदेश राज्य कृषि एवं ग्रामीण विकास निगम लिमिटेड, लखनऊ के तत्वावधान में किया गया है।यह मेला बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के पत्रकारिता संस्थान के सामने 24सितंबर 2025 तक चलेगा।इस मेले में बुंदेलखंड के सभी जिलों के उद्यमी कारपेट, दरी, जरी जरदोजी, चमड़े के विभिन्न उत्पादों, सॉफ्ट टॉयज, चितेरी आर्ट, चंदेरी एंब्रायडरी, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, पेपर वर्क, कागज के उत्पादों के स्टॉल सजाए हुए हैं। मेला संयोजक एवं ललित कला संस्थान के शिक्षक दिलीप कुमार ने बताया कि यह हस्त शिल्प मेला प्रत्येक दिन पूर्वाहन 11:00 बजे से लेकर शाम पांच बजे तक चलेगा। इसमें हस्तशिल्प के विभिन्न उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगे। आज अधिकांश युवा चमड़े के उत्पादों, आर्टिफिशियल ज्वैलरी, कांच के खिलौने, डिजाइनर पिक्चर फ्रेम बनाने वाले हस्तशिल्पियों के स्टाल पर खरीददारी करते दिखे।

## अतिक्रमण करने वाले सब्जी विक्रेताओं को 2 दिन का अल्टीमेटम



अनुज कुमार शर्मा ब्यूरो

**नजीबाबाद।** कल्लूगंज मंडी मे लगातार व्यापारियों द्वारा उपजिलाधिकारी से लगातार शिकायत की जा रही थी कि वहा पर कुछ सब्जी वह फल वालों ने रोड पर अतिक्रमण कर रखा है जिसको मौके पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा हटवा दिया गया है। एवम् सब्जी फड़ के मालिको को पैमाईस के अनुसार ही अपना कारोबार करने की चेतावनी दी। अतिक्रमण की गई जगह को 2 दिन मे खाली कर दे अन्यथा की स्थति मे कार्यबाही की जाएगी अतिक्रमण हटाने के लिए अतिक्रमण प्रभारी विपिन चौहान एवम सैनिट्री इंस्पेक्टर आदेश कुमार ,विशेष ,रुपेश ,पंकज ,पवन, फुरकान ,नरेंद्र आदि स्टाफ उपस्थित रहे।

# नदी पर सवार होकर निकले भगवान शिव हुआ रामलीला का आगाज

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार



मेरठ शुक्रवार को श्री रामलीला कमेटी पंजीकृत मेरठ शहर द्वारा श्री सनातन धर्म मंदिर बुढ़ाना गेट से प्रभु महादेव नंदी पर सवार होकर बारात के साथ निकले और रामलीला का आगाज किया। शोभायात्रा के मुख्य उद्घाटनकर्ता मुकेश सिंघल महानगर पूर्व अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी रहे। मुख्य पूजनकर्ता नीरज मित्तल अध्यक्ष कंकर खेड़ा व्यापार संघ, मुख्य तिलककर्ता आनंद प्रजापति बिल्डर, सुशील गर्ग (रामनाथ डेरे वाले) एवं पवन कुमार जैन रहे। बारात में प्रथम पंक्ति में श्री रामलीला कमेटी पंजीकृत मेरठ शहर का बैनर तत्पश्चात ताशा व पीछे श्री गणेश जी , कृष्णा बैंड, सरस्वती जी, दुर्गा जी शेर सीन, भैरव बाबा, तथा फिर राजा बैंड की धुन में भक्तजन प्रभु के ध्यान में रहे। राजा बैंड के पीछे सालासर बालाजी महाराज, केरल सीन अमन, रावण शिव पूजा फिक्स , कमल बैंड दिल्ली, नारद जी बग्गी, ताशा जुगल किशोर, भारत माता बग्गी, राम रावण संवाद , नवग्रह, भारत चमन बैंड, रामल्ला बग्गी, अघोरी सीन , शहनाई, वाल्मीकि जी बग्गी, कृष्णा बैंड दिल्ली, विष्णु लक्ष्मी जी शेषनाग पर, महाकाल पालकी आनंद सीन, लड्डू गोपाल फिक्स सीन, बालाजी बैंड गुड़गांव, बाबा बफानी, कालीमाई अखाड़ा बुलंदशहर , साधु महाराज बग्गी भारत चमन, डी जे, खाटू श्याम जी, राजा जनता बैंड, फिक्स सीन, तीन काली सीन, प्रसाद बड़ी बग्गी, नासिक ढोल, राधा कृष्ण झूले पर, रवि बैंड , शहनाई, राजा लाइट, रामरथ व महाराज जी का डोला रहा। शोभायात्रा में आठ बैंड शामिल रहे जिनमें पांच स्थानीय कृष्णा, राजा, चमन , राजा जनता व रवी तथा 3 बैंड बालाजी गुड़गांव से, कमल व कृष्णा दिल्ली से रहे।

# मेरठ इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में धूमधाम से हुई फ्रेशर्स पार्टी अमन व संध्या बने मिस्टर-मिस फ्रेशर

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार



**मेरठ।** परतापुर बाईपास स्थित मेरठ इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक डॉ. के.एल.ए. खान, प्रिंसिपल डॉ. हिमांशु शर्मा, फामेर्सी प्रिंसिपल डॉ. नीरज कांत शर्मा, डीन एकेडमिक्स डॉ. गौरव शर्मा, चीफ प्रॉक्टर पीके गौतम,सोनल अहलावत और रितिमा ने दीप प्रज्वलित कर किया। फ्रेशर्स पार्टी में बीटेक, बीबीए, बीसीए, बीएससी एग्रीकल्चर, एमबीए और एसीए कोर्स के प्रथम वर्ष के छात्रों ने भाग लिया। दूसरे वर्ष के सीनियर छात्रों ने जूनियर्स के स्वागत में रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। रैंप वॉक और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने छात्रों का मन मोह लिया। जजों ने छात्रों के प्रदर्शन के आधार पर विजेताओं का चयन किया। बीटेक के अमन को मिस्टर फ्रेशर और बीबीए की संध्या को मिस फ्रेशर चुना गया। बीबीए के अक्षत को मिस्टर हैंडसम, बीटेक की दीपांशी को मिस चार्मिंग, बीबीए की तनिष्का को ऑल राउंडर और नितिन को बेस्ट ड्रेस का खिताब मिला। विजेता छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन विष्णु शरण और वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल ने विजेताओं को बधाई दी ।

## शाहजहांपुर चेयरमैन पर सरकारी भूमि कब्जे के आरोप

वेलकम इंडिया



**मेरठ।** शाहजहांपुर नगर पंचायत क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण की शिकायत जिलाधिकारी से की गई है ।एक स्थानीय निवासी ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि जामा मस्जिद से लेकर बड़ा बाजार झंडा चौक तक तथा अन्य कई स्थानों पर सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर लिया गया है। शिकायत पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि नगर पंचायत के रक्षक कहे जाने वाले चेयरमैन वसी उर्र रहमान स्वयं भक्षक बन गए हैं और उन्होंने सरकारी रास्ते की पेंठ आराजी भूमि पर अवैध निर्माण कर लिया है। वहीं, कस्बे के बीचोंबीच स्थित तालाब (खसरा संख्या 1689) पर कई व्यक्तियों द्वारा कब्जा किया गया है। आरोप है कि चेयरमैन वसी उर्र रहमान इन अतिक्रमणकारियों को प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से संरक्षण दे रहे हैं, जिसके चलते तालाब का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। वार्ड-8 निवासी जमील खान ने जिलाधिकारी मेरठ को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि नगर पंचायत ने कुछ लोगों के दबाव में उनके पैतृक मकान के आगे बने चबूतरे के आंशिक हिस्से को अतिक्रमण बताकर ध्वस्त कर दिया, जबकि आसपास हो रहे बड़े पैमाने पर कब्जों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। जमील खान का कहना है कि उन्हें अपनी संपत्ति पर की गई कार्रवाई से आपत्ति नहीं है, लेकिन नगर पंचायत क्षेत्र में सभी अवैध कब्जों पर निष्पक्ष और समान रूप से कार्रवाई होनी चाहिए। जमील अख्तर खान ने जिलाधिकारी से मांग की है कि शाहजहांपुर नगर पंचायत क्षेत्र में हो रहे सभी अतिक्रमणों की जांच कराई जाए और सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ जनहित में सख्त कार्रवाई हो। शिकायतकर्ता का कहना है कि सरकारी जमीन पर कब्जों का यह खुला खेल फरुर्खाबादी नगर पंचायत प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

## कांग्रेसियों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

उपाध्यक्ष/कोऑर्डिनेटर/प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने डिबाई विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों की बैठक कर 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक चलने वाले कांग्रेस पार्टी के वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की। बुलंदशहर शुक्रवार को डिबाई विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारियों की एक बैठक रवि इंजीनियर के चौगानपुर डिबाई स्थित प्रतिष्ठान पर आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह व संचालन नगर अध्यक्ष सिराज अहमद ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष, कोऑर्डिनेटर व विधानसभा प्रभारी डिबाई ज्ञानेंद्र सिंह राघव, हामिद अली, नगर अध्यक्ष सिराज अहमद, राजेंद्र शर्मा ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष/नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा किए गए वोट चोरी के खुलासे तथा बिहार में निकाली गई वोट अधिकार यात्रा से पूरे प्रदेश व देश में वोट छोड़ गद्दी छोड़ हस्ताक्षर जन जागरण अभियान को पार्टी द्वारा आमजन से जोड़ने के लिए 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक चलने वाले हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत डिबाई में की गई। ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने कहा भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल है। तथा वोट चोरी के माध्यम से ही वह ग्राम प्रधान से लेकर प्रधानमंत्री तक के पद को हथियाने व लोकतंत्र को कुचलकर, आमजन को बटवाकर, मुद्दों से ध्यान हटाकर सभी संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा कर सत्ता में बनी हुई है। जिसकी हकीकत नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा वोट चोरी का खुलासा कर कर दिया गया है।

# कार्य प्रगति की अद्यतन स्थिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई

अनुज कुमार शर्मा ब्यूरो



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज शाम 04:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में शासन के विभिन्न प्राथमिकता वाले बिन्दुओं की प्रगति एवं विभिन्न योजनाओं में निकायों को प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जा रहे कार्य प्रगति की अद्यतन स्थिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने निर्देश दिए कि सभी अधिशासी अधिकारी अपने-अपने नगर निकाय क्षेत्रों में बरसात में होने वाले सड़क के गड्ढों को शत प्रतिशत रूप से भरवा कर निकाय की सड़कों को गड्ढा मुक्त करें और उक्त आश्य का प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रत्येक नगर पालिका की चल एवं अचल संपत्तियों का विवरण निर्धारित पोर्टल पर अपलोड करते हुए उसे अद्यतन स्थिति में रखें। उन्होंने नगर निकायों में सॉलिड वेस्ट प्लांट के लिए लगाई गई मशीन में अधिकतर संचालित न पाए जाने पर सभी परिषद के अधिकारी नगर पालिकाओं को निर्देश दिए की इस माह में शत प्रतिशत रूप से सभी मशीनों को पूर्ण मानक के अनुरूप संचालित करें ताकि उनका सदुपयोग हो सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत रोपित पौधों की अद्यतन स्थिति की फोटो उपलब्ध कराएं और उनकी जियो टैगिंग की प्रगति का विवरण भी प्रस्तुत करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों का निर्देशित किया कि फैमिली प्रोफाइल का कार्य शत प्रतिशत रूप से पूरा करना सुनिश्चित करें और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारी नगर निकायों को निर्देशित किया कि अपने-अपने नगर निकायों में किए गए

गृहकर एवं जलकर वसूली कार्य की प्रगति का विवरण प्रस्तुत करें यदि किसी नगर निकाय में गृह कर एवं जलकर वसूली का कार्य नहीं किया गया है, तो संबंधित अधिकारी उक्त संबंध में अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारी नगर निकायों को कड़े निर्देश दिए कि 05 से 10 साल पुराने ऑडिट प्रकरणों को निस्तारित करने के लिए लंबित मामलों का वर्गीकरण करते हुए जो प्रकरण वित्त से संबंधित न हों उनको अलग कर प्राथमिकता के आधार पर सर्वप्रथम अवित्तीय प्रकरणों को शत प्रतिशत रूप से निस्तारित करना सुरक्षित करें। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि निकाय की संपत्ति से संबंधित वाद स्थानीय न्यायालयों में विचार अधीन है और उनके निस्तारण में विलंब हो रहा है उनकी सूची उपलब्ध कराएं ताकि उक्त संबंध में संबंधित माननीय न्यायिक अधिकारियों से संपर्क कर वादों को शीघ्र निस्तारित करने का अनुरोध किया जा सके।

## ड्रग्स माफीया भारत सरकार की भूमि पर कर रहा अवैध निर्माण, डीईओ के निर्देश पर जांच को पहुंचे अफसर

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार



**मेरठ।** रक्षा संपदा विभाग एवं कैंट बोर्ड के अफसरों की टीम डीईओ के निर्देश पर भूसा मंडी से सटे लगभग आधा दर्जन बंगलों में अवैध निर्माण की जांच को पहुंची बंगला नंबर 197 198 199 200 201में चल रहे अनाधिकृतअवैध निमार्णों को टीम ने मौके पर चिंहित किया तथा इस दौरान अधिकारियों ने निमाणार्धीन भवन कताओं से परमिशन दिखाने को कहा गया तो वहीं बंगला नंबर 198 की पार्ट भूमि पर कब्जा धारी ने अधिकारियों पर दबाव व धमकाने की कोशिश की तथा मौके पर वीडियो बनाने जैसे कृत करते नजर आए लेकिन विभाग अधिकारी ने साफ किया कि निर्माण कर्ता के पास एन ओ सी नहीं है तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें। सूत्रों ने बताया उक्त भूमि पर ड्रग्स मफिया तस्लीम द्वारा भारत सरकार की भूमि पर अवैध निर्माण कर रहा हालांकि यह आरोप जांच के उपरांत साफ होगा। वहीं विभाग अफसरों ने बताया डीईओ व कैंट बोर्ड की संयुक्त टीम द्वारा अवैध निर्माण की सूचना पर रक्षा मंत्रालय द्वारा दिए गए निर्देशों पर औचक निरीक्षण किया जा रहा है आधा दर्जन से अधिक निमार्णाधीन भवनों को चिंहित किया गया है। भारत सरकार के बंगलों की पार्ट भूमि पर गैर कानूनी रूप से कब्जा कर निर्माण किया जा रहा है तो जांच उपरांत दोषी पाए जाने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई के साथ साथ अतिक्रमण पर सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

## करोड़ों चढ़ावे के बाद भी बेलौन भवानी मंदिर विकास से वंचित

वेलकम इंडिया



**रामघाट/नरौरा/बुलंदशहर/** बेलौन भवानी मंदिर पर हर साल करोड़ों रुपये का चढ़ावा आता है, लेकिन दुर्भाग्य यह है कि गांव और मंदिर परिसर का हाल अब तक नहीं सुधर पाया। नवरात्रों के अवसर पर लाखों श्रद्धालु मां भवानी के दर्शन करने पहुंचेंगे, मगर उन्हें कीचड़, दलदल और गंदगी से होकर गुजरना पड़ेगा। बेलौन भवानी मंदिर का ऐतिहासिक महत्व है। कहा जाता है कि बेलौन भवानी मंदिर सैकड़ों वर्ष पुराना है और मां भवानी की यह शक्ति पीठ क्षेत्रीय श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। नवरात्रों में दूर-दराज से भक्त यहां दर्शन करने आते हैं। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से की गई प्रार्थना शीघ्र ही पूरी होती है। यही कारण है कि मंदिर पर हर वर्ष करोड़ों का चढ़ावा चढ़ता है। श्रद्धालुओं का कहना है कि मंदिर तक जाने वाले रास्तों पर जगह-जगह पानी भरा रहता है। बरसात के मौसम में गलियां दलदल में तब्दील हो जाती हैं। सफाई व्यवस्था न होने से श्रद्धालुओं को बदबू और गंदगी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप कि करोड़ों का चढ़ावा चढ़ने के बावजूद मंदिर क्षेत्र और गांव में कोई ठोस विकास कार्य नहीं हुआ। सड़कें टूटी पड़ी हैं, नालियां गंदगी से भरी रहती हैं और पीने के पानी की भी समुचित व्यवस्था नहीं है।

# अखिल भारतीय विधार्थी परिषद दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में प्रचंड जीत पर बुंदेलखंड विश्वविद्यालय इकाई के कार्यकताओं ने भी खुशी जाहिर की

वेलकम इंडिया



**झांसी!** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की दिल्ली विश्विद्यालय के छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष,सचिव एवं सह सचिव पद पर ऐतिहासिक एवं प्रचंड जीत होने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बुंदेलखंड विश्विद्यालय इकाई के कार्यकताओं द्वारा एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर खुशियां मनाई गई और इस प्रचंड जीत के पीछे लगे सभी कार्यकताओं की मेहनत को सराहना की प्रांत मंत्री शिवा राजे बुंदेला ने कहा दिल्ली विश्विद्यालय छात्रसंघ चुनाव के अध्यक्ष पद पर आर्यन मान,सचिव पद पर कुनाल चौधरी और सह सचिव पद पर दीपिका झा की भारी बहुमत से जो जीत मिली है वो स्पष्ट करती है कि विश्विद्यालय में युवाओं को अब नई दिशा मिलने वाली है यही युवा शक्ति भविष्य में नई दिल्ली को नई ऊंचाईयों पर ले जाएगी और एक सशक्त,संस्कारित और आत्मविश्वासी राजधानी के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करेगी। प्रांत सह मंत्री हर्ष जैन कहा दिल्ली विश्विद्यालय के युवा अब निश्चित रूप से विद्यार्थी परिषद की कार्यपद्धति और कार्यप्रणाली को अपने जीवन में निहित कर राष्ट्र पुननिर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे यह जीत युवाओं की राष्ट्र प्रथम की विचारधारा के अटूट विश्वास का प्रतिबिंब है इस प्रचंड जीत से छात्र शक्ति राष्ट्र शक्ति को ओर मजबूती मिलेगी,साथ ही युवाओं को एक नई दिशा भी मिलेगी । जिला संयोजक फिरोज ने कहा यह जीत समूचे भारत के विद्यार्थी परिषद कार्यकताओं की है जो शैक्षिक संस्थानों में छात्र हितों के लिए लड़ते हैं और उनकी आवाज को बुलंद करते हैं जिसमें इकाई उपाध्यक्ष श्याम, एग्रीविशन संयोजक अमन तिवारी ,उमाकांत परिहार,समीक्षा द्विवेदी, अभिषेक शुक्ला,सत्यम राजपूत, सुधांशु, कार्तिक शर्मा,आशु आदि इकाई के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रशासन एवं मोदी डिस्टलरी के सौजन्य से मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** तहसील प्रशासन एवं मोदी डिस्टलरी मोदीनगर के सौजन्य से मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों ने भाग लिया । जिनमें मुख्य रूप से अग्नि शमन, पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, एन०डी०आर०एफ०, पी०डब्ल्यू०डी० एवं विद्युत विभाग आदि मुख्य रहे। मोदी डिस्टलरी के ग्रैन प्लान्ट स्थान पर भूकम्प रसायन रिसाव के कारण हुई दुर्घटना का मॉकड्रिल किया गया।जिसमें 20 व्यक्ति घायल एवं 04 व्यक्ति की मृत्यु का मॉकड्रिल किया गया। जिसमें रासायनिक रिसाव को रोका गया और सम्बन्धित घायल व्यक्तियों का रेस्क्यू किया गया। उक्त मॉकड्रिल में मोदीनगर प्रशासन की ओर से श्री अजीत कुमार सिंह एस०डी०एम० मोदीनगर, अमित सक्सैना ए०सी०पी० मोदीनगर, अभिमन्यु प्रताप सिंह सहायक आबकारी आयुक्त मोदी आसवनी मोदीनगर, रजतसिंह तहसीलदार मोदीनगर तहसील, संदीप सिंह आबकारी निरीक्षक मोदी आसवनी मोदीनगर, अमित चौधरी फायर आफिसर, अरविन्द सोनकर ए०डी०एफ०, एवं मोदी डिस्टलरी की ओर से शिवप्रताप सिंह फायर सेफ्टी आफिसर, एन०पी० बंसल चीफ एक्जीक्यूटिव, डी०डी०कौशिक महाप्रबन्धक पी०आर०, राजीव गुप्ता जनरल मैनेजर (प्लान्ट), महेशचन्द त्यागी पर्सनल मैनेजर एवं सुरेश शर्मा डिप्टी जनरल मैनेजर (काम०), शेखर शर्मा मैनेजर, एवं मोदी डिस्टलरी के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों आदि ने सक्रिय रूप से भाग लिया। अजित कुमार सिंह एस०डी०एम० मोदीनगर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि किसी किसी प्राकृतिक आपदा के समय समस्त नागरिकों को प्रशासन की मदद से इसी प्रकार सुरक्षा करनी चाहिए। इस माकेंड्रिल में भाग लेने वाले सभी विभाग एवं मोदी इंण्डस्ट्रीज के अधिकारीयो का आभार व्यक्त किया।





# बचपन में मां द्वारा दिए संस्कार बच्चे को महान बनाते हैं- अरविंद ओझा

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** श्रीअजमीढ़जी भवन, हनुमान मंदिर सुदामापुरी मोदीनगर में चल रही हनुमत कथा में शुक्रवार को हमुमन जी की बाल लीलाओ का सुंदर वर्णन करते हुए कथा व्यास अरविन्द भाई ओझा ने कहा माँ ही बच्चे के जीवन को गढ़ती है और बचपन में दिए गये संस्कारो का बच्चे के जीवन पर प्रभाव पड़ता है यही कारण है माँ अंजना के दिए संस्कार ही हनुमान जी के जीवन में दिखाई पड़ते है। कथा व्यास ने कहा कि सूर्य को मुख में लेने के लिए हनुमान जी गरुड़ व सम्पाती तीनो ने उछाल ली पर केवल हनुमान जी ही सफल हुए थे सूर्य को मुख में लेने की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि सूर्य ज्ञान के देवता हैं जो जीवन के अज्ञान के अंधेरे को मिटा देते हैं। और यही अभिमान रहित ज्ञान की भूख श्रीहनुमान जी को बचपन से थी। जब हमारे जीवन में बल,विद्या,धन, प्रतिष्ठा आये तो हमे अभिमान को त्याग कर सरल,सहज और सजग होना चाहिए अन्यथा ये सब हमें पतन की ओर ले जाते हैं । हनुमानजी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए महाराज जी ने कहा कि हनुमानजी का एक ही मंत्र है सेवा और उन्होंने इसी सेवा के बल पर ही भगवान राम को अपने वश में करते हैं।आज कथा में व्यासपूजन सत्यनारायण शर्मा एवं परवेश शर्मा ने किया व विनोद वैशाली (चेयरमैन), दिनेश सिंघल (पूर्व जिलाध्यक्ष), भनु शिशोदिया, अरुण पुंडीर, अजय सिंघल, अनूप दीक्षित स्पेक्ट्रम ग्लोबल, सुरेंद्र कुमार, पिंकी चौधरी, रीता रानी ढोडी, नवीन जायसवाल, विपिन चौधरी, गुलाब सिंह, सोनू कुमार, संजय चौधरी, अशोक माहेश्वरी, अरुण खन्ना, रजनीश तोमर, गोल्डी नेहरा लोगों ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

# नायब तहसीलदार पर लगाया एक ही भूमि के दो नामांतरण आदेश पारित करने का आरोप

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** नायब तहसीलदार द्वारा फर्जी बैनामे के नामान्तरण प्रार्थना पत्र समय से पूर्व करने व संदिग्ध आदेश पारित करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता विजय वशिष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि मोदीनगर तहसील क्षेत्र के गांव नहाली में विक्रेतागण अबरार, इस्तेकार, जुबेदा, जुल्फेकार, रिहाना, सायबा पुत्र/पुत्री मुबारक अली ने खसरा नम्बर 87 स्थित अपनी भूमि को मोदीनगर निवासी दिनेश कुमार गोयल को सब रजिस्ट्रार कार्यालय मोदीनगर में गत 5 फरवरी को बेच दी थी। उक्त बैनामे के बाबत नामान्तरण हेतू वाद योजित था, किंतु खतौनी में कुछ कमी के कारण वाद निरस्त कर दिया गया। वादी ने प्रतिवादीगणों से सम्बन्धित समस्या बताई तो उक्त समस्या के निदान के बाद पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता ने पुर्नस्थापना पत्र 18 जुलाई को प्रस्तुत किया। आरोप है कि इसी बीच विक्रेतागणों में से एक हिस्सेदार रिहाना पुत्री मुबारक अली ने अपनी भूमि में से कुछ भाग 16 मई को सायरा पत्नी हसरत के पक्ष में एक फर्जी विक्रय पत्र कर दिया तथा दूसरे पक्ष ने नायाब तहसीलदार मोदीनगर से सांठ गांठ कर अपने पक्ष में नामान्तरण के आदेश दिनांक 4 अगस्त को पारित करा लिये।आरोप है कि नायब तहसीलदार द्वारा पीड़ित पक्ष के समर्थन में भी 27अगस्त को नामांन्तरण आदेश पारित कर दिये गए। विक्रेतागणों का कुल रकबा 0.2050 है0 है किन्तु नायब तहसीलदार ने पीड़ित पक्ष के हक में 0.2050 है0 और दूसरे पक्ष के हक में 0.0253 है0 भूमि के नामान्तरण आदेश तो पारित कर दिये किन्तु नायब सहाब भूल गये कि अब 0.0253 है0 भूमि पक्षकारों को कहाँ से देंगे।

# रणबीर दहिया ने सिवाल खास विधानसभा क्षेत्र में चलाया रालोद सदस्यता अभियान

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** सिवाल खास विधानसभा क्षेत्र के गांव खिवाई गांव पिटलोकर में चलाया। रालोद ने सदस्यता अभियान गांव खिवाई में संचालन क्षेत्रीय अध्यक्ष अल्पसंख्यक मारूप प्रधान ने किया। सिवाल खास विधानसभा के सदस्यता प्रभारी रणबीर दहिया ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में सदस्य बनाकर पार्टी को मजबूत करने की बात कही वही मेरठ जिला अध्यक्ष मतलूब ने पार्टी के कार्यों और नीतियों के बारे में बताते हुए लोगों से पार्टी को मजबूत करने की अपील की। सामाजिक न्याय मंच की अध्यक्ष संगीता दोहरे महिलाओं और हर वर्ग के लोगों को पार्टी से जुड़ने की अपील की मेरठ जिले के सदस्यता प्रभारी गौरव जितोली ने भी विचार रखकर पार्टी को मजबूत करने की बात कही। इसी बीच क्षेत्रीय महासचिव योगेंद्र पतला बिट्टू खंजरपुर आतिर रिजवी मोनू ढिंडाला ओमकार भदौड़ा ने भी विचार रखकर पार्टी को मजबूत करने की अपील की। गांव पिटलोकर में तालिब चौधरी के निवास पर सभा का आयोजन हुआ। संचालन हाजी रसीद ठेकेदार ने किया वही राष्ट्रीय युवा महासचिव आरुषि चौधरी प्रदेश महासचिव युवा सचिन चौधरी बिट्टू खंजरपुर योगेंद्र पतला अध्यक्ष मारूफ खिवाई ओमकार मोनू ढिंडाला ने विचार रखकर आने वाले पंचायत और विधानसभा में मजबूत प्रदर्शन करने की बात कही नहीं शिवाल खास के सदस्यता प्रभारी रणबीर दहिया ने पार्टी के कार्यों में नीतियों को आगे बढ़ाने की अपील की और पार्टी मजबूत करने का आह्वान किया दहिया ने कहा हम सब पार्टी के जिम्मेदार पदाधिकारी गांव गांव जाकर पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे और हम सब साथ है। इस मौके पर चौधरी अब्बास जमील आरिफ उस्मान डाक्टर जावेद आदिल अब्बासी उस्मान प्रधान खालिद अली कामिल उपस्थित रहे।

# दहेज हत्या के मामले मे पुलिस ने पति और सास को किया गिरफ्तार



असदुल्लाह सिद्दीकी

**मोहाना/सिद्धार्थनगर।** मोहाना थाना पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मोहाना थाना पुलिस ने वर्डपुर बाजार के तिलकपुर मोड़ से आरोपियों को पकड़ा है।

गिरफ्तार आरोपियों में मुमताज और उसकी मां अलीहा शामिल हैं। दोनों वर्डपुर नंबर 10, टोला आनंदपुर उर्फ मदारीपुर के रहने वाले हैं। मामला थाना मोहाना में पंजीकृत मुकदमा संख्या 135/2025 से जुड़ा है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर की गई। अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद और क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष रोहित कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में टीम ने यह सफलता हासिल की। गिरफ्तारी में चौकी प्रभारी शुद्धोधन दिनेशचंद्र मिश्रा, मुख्य आरक्षी रामाज्ञा पासवान और महिला आरक्षी अंजू वर्मा की टीम शामिल रही। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

# एसएसबी ने 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत लोगों को किया जागरूक



असदुल्लाह सिद्दीकी

**शोहरतगढ़ /सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ के भारत-नेपाल सीमाई क्षेत्र खुनुवा में शुक्रवार को 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) सिद्धार्थनगर के जवानों और शिक्षकों ने संयुक्त रूप से 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत 'स्वच्छोत्सव' मनाया। इस दौरान सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर परिसर खुनुवा में श्रमदान कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

वाहिनी के सीमा चौकी खुनुवा के कमांडर के. रनबीर सिंह ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने जोर दिया कि अपने शरीर के साथ-साथ अपने आस-पास के क्षेत्र को भी स्वच्छ रखना अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा 'स्वच्छ भारत मिशन' के अंतर्गत कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनसे नागरिकों को लाभ मिल रहा है।

# मामूली विवाद के चलते अधेड़ को लाठी डंडों से पीटकर उतारा मौत के घाट

असदुल्लाह सिद्दीकी



**खेसरहा/सिद्धार्थनगर।** खेसरहा थाना क्षेत्र के छितौनी गांव में शुक्रवार सुबह रास्ते के विवाद में शेषमन शर्मा (50) की गांव के ही कुछ लोगों ने लाठी डंडे से पीट कर हत्या कर दी। मृतक के बेटे सुधीर की तहरीर पर पुलिस ने आठ लोगों पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर तीन लोगों को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के छितौनी गांव निवासी सुभाष पांडेय शुक्रवार सुबह ट्रैक्टर लेकर शेषमन (50) के घर के सामने से जा रहा था। बारिश की वजह से कीचड़ हो गया था। इसलिए शेषमन ने सुभाष को कीचड़ में बचाकर ट्रैक्टर निकालने के लिए कहा। आरोप है कि इस बात पर सुभाष आक्रोशित हो गया और कीचड़ में ट्रैक्टर दौड़ाने लगा। विरोध करने पर सुभाष और उसके बेटों ने शेषमन पर हमला कर दिया। इस दौरान चोट लगने से शेषमन बेहोश हो गया। परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए पर वहां इलाज नहीं मिलने पर जिला अस्पताल ले गए। वहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया पर धानी के पास रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। इससे नाराज परिजनों ने शव को गांव पर लाकर बांसी-धानी मार्ग पर रखकर रास्ता जाम कर दिया और हत्यारोपियों को पकड़ने की मांग करने लगे। सूचना पर एएसपी प्रशांत कुमार प्रसाद व सीओ डुमरियागंज मौके पर पहुंच गए। पुलिस के आश्वासन पर परिजनों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आठ लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है। तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# डीएम ने नदियों के कटान स्थलों व बांधों का किया निरीक्षण,24 घंटे निगरानी के आदेश





असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर।** जनपद में लगातार हो रही बारिश से नदियों के बढ़ रहे जलस्तर के मद्देनजर जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने बांधों का निरीक्षण किया। उन्होंने कूड़ा नदी मोहाना, घोघी नदी लोटन, कूड़ा नदी रामनगर, तेलार नाला (सड्डा), बूढ़ी राप्ती, भुतहिया, गंगवल, राप्ती नदी, संगलदीप के पास बांधों का निरीक्षण किया।जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जेई, कर्मचारी की ओर से कटान स्थलों और बांधों का निरंतर निरीक्षण करें। कटान स्थलों का जहां मरम्मत की आवश्यकता है। वहां तत्काल मरम्मत कार्य कराएं। उपजिलाधिकारी को निर्देश दिया कि जिन किसानों के फसलों में अधिक पानी भर गया है। उसका सर्वे कराकर क्षतिपूर्ति दिलाया जाए। वहीं, जिन गांवों में पानी भर गया है वहां नाव इत्यादि की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी नौगढ़ कल्याण सिंह मौर्य, अधिशासी अभियंता ड्रेनेज खंड कृपाशंकर भारती, सिंचाई निर्माण खंड सतीश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# युवा रालोद ने भंडोला गांव में सदयस्ता कार्यक्रम का किया आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** युवा राष्ट्रीय लोकदल (वाईआरएलडी) ने मोदीनगर के भंडोला गाँव में एक सफल सदस्यता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और युवा शक्ति को राष्ट्रीय लोकदल से जोड़ना था।

कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं ने नए सदस्यों का स्वागत किया और उन्हें पार्टी के सिद्धांतों से अवगत कराया। इस अवसर पर, पार्टी के प्रति समर्पण और निष्ठा को देखते हुए, विपुल तेवतिया को युवा राष्ट्रीय लोकदल में नई जिम्मेदारी दी गई। युवा राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष जयदीप सिंह ने बताया कि यह सदस्यता अभियान पूरे जिले में चलाया जा रहा है ताकि पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाया जा सके। उन्होंने कहा कि युवाओं के उत्साह से स्पष्ट है कि राष्ट्रीय लोकदल भविष्य में और भी मजबूत होकर उभरेगी। यह कार्यक्रम पार्टी को युवाओं के बीच लोकप्रिय बनाने और संगठनात्मक ढांचे को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र तोमर अमित त्यागी आर के प्रदेश महासचिव किसान प्रकोष्ठ सुमन चौधरी जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ विपिन गुलिया जिला महासचिव युवा रालोद कपिल चौधरी राहुल नरेश अंकुर चौधरी अविश, निशांत, राहुल, रितिक, विजय, आर्यन, सौरभ, सागर, बिराजपाल, इंदरपाल, सुधीर, मंगा व गांव के दर्जनों लोग उपस्थित रहे।



# माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया "भारतवर्ष की स्वणार्भा नरेंद्र मोदी" पुस्तक का विमोचन

## मोदी जी हिंदुत्व के साथ-साथ विकास और न्यायप्रियता की अद्वितीय मिसाल: श्री रमेश चन्द्र तोमर

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, नेहरू नगर, गाजियाबाद में विकसित भारत–विकसित उत्तर प्रदेश @2047 हेतु 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' के लिए सुझाव आमंत्रण एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम के साथ ही पूर्व सांसद श्री रमेश चन्द्र तौमर द्वारा लिखित पुस्तक 'भारतवर्ष की स्वणार्भा नरेन्द्र मोदी' का विमोचन कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश का जनपद में आगमन हुआ। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकताओं, विभागीय अधिकारियों द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी का स्वागत किया गया। इस दौरान 12 सेक्टरों की प्रदशर्नी जो विभागों द्वारा लगाई गयी थी, का माननीय मुख्यमंत्री जी ने अवलोकन किया। मंच पर श्री रमेश चन्द्र तोमर ने श्रीराम मंदिर एवं श्रीमहंत नारायण गिरी, जनप्रतिनिधियों, पुलिस कमीश्नर जे0रविन्द्र गौड़ व जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट कर माननीय मुख्यमंत्री जी का स्वागत व सम्मान किया।

माननीय मुख्यमंत्री सहित मंचाशीन अतिथियों कैबिनेट मंत्री श्री सुनील कुमार शर्मा, श्री नरेंद्र कश्यप राज्य मंत्री, श्री अतुल गर्ग सांसद गाजियाबाद, श्री राजकुमार सागवान सांसद बागपत, श्रीमती सुनीता दयाल महापौर गाजियाबाद, श्रीमती ममता त्यागी जिला पंचायत अध्यक्ष, श्री संजीव शर्मा विधायक सदर, श्री अजीत पाल त्यागी विधायक मुरादनगर, श्री नंदकिशोर गुर्जर विधायक लोनी, श्री धर्मेश तोमर विधायक धौलाना, श्री अनिल अग्रवाल पूर्व राज्यसभा सांसद, श्री धर्मेंद्र भारद्वाज एमएलसी, श्री सतेंद्र सिसोदिया क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा, श्री मयंक गोयल महानगर अध्यक्ष भाजपा, श्री चैनपाल सिंह जिला अध्यक्ष भाजपा, श्री रमेश चंद्र तोमर पूर्व सांसद, श्री महंत नारायण गिरी सहित अन्य मंचाशीन अतिथियों द्वारा पुस्तक का विमोचन किया गया। इस दौरान विकसित भारत–विकसित उत्तर प्रदेश@2047 के उपलक्ष में हिंदी भवन गाजियाबाद में 9–10 सितंबर को हुए कार्यक्रम की एक शॉर्ट वीडियो भी दिखाई गई।

पूर्व सांसद श्री रमेश चन्द्र तोमर ने कहा कि मित्रों, नरेंद्र मोदी जी आज केवल भारत के ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। उन्होंने अपने जीवन में अनेकों असाधारण कार्य किए हैं। मैं तो मानता हूँ कि वे इस धरती पर एक अवतार बनकर आए हैं, जिन्हें ईश्वर ने सभी समस्याओं का समाधान करने का उत्तरदायित्व सौंपा है। इस पुस्तक में मैंने उनके इन्हीं असाधारण कार्यों और उनके विराट व्यक्तित्व का चित्रण करने का प्रयास किया है। चाहे धारा 370 का कलंक मिटाना हो, चाहे पाकिस्तान पर निर्णायक प्रहार करने वाला ऑपरेशन सिंदूर हो, या फिर देश को आर्थिक कठिनाइयों से उबारकर विकसित भारत के सपने की ओर अग्रसर करना हो–मोदी जी ने हर क्षेत्र में अपने संकल्प और साहस से इतिहास रचा है। इस पुस्तक में नरेंद्र मोदी जी की एक कर्मयोगी के रूप में जीवन यात्रा को प्रस्तुत किया गया है। वहीं उनकी माँ के प्रति उनका अटूट प्रेम, जनता-जनार्दन के प्रति सम्पूर्ण समर्पण, और राष्ट्रहित के लिए निरंतर तपस्या–इन सबका उल्लेख इसमें मिलेगा। वे कैसे प्रकृति के दूत हैं यह उल्लेख पुस्तक में है , तो धर्म रक्षार्थ उनके अवतार की तार्किक व्याख्या भी पुस्तक में है। कलियुग में राम का हनुमान बनकर भव्य मंदिर का निर्माण कराने वाले देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ईश्वर के दूत हैं यह अभिव्यक्ति भी इस पुस्तक में तर्कसंगत तरीके से की गई है। उनमें विवेकानंद की छाप दिखती है तो कभी वे स्वयं से ही प्रतिस्पर्धा करते दिखते हैं। इस पुस्तक में कुछ भी अनायास नहीं लिखा गया है । बल्कि प्रधानमंत्री जी के बारे में अगर किसी उपमा का भी प्रयोग किया गया है तो उसके पीछे ठोस तर्क का उल्लेख इस पुस्तक में है। मोदी जी जितने सहज और सरल हैं, उतने ही दृढ़ और अटल इरादों के धनी भी हैं। यह उनके निर्णयों से झलकता है। मैंने उनके व्यक्तित्व और कर्तृत्व के इन सभी आयामों को इस पुस्तक में बुनने का प्रयास किया है। आज पूरी दुनिया में सम्मान हासिल कर रहे नरेंद्र मोदी जी का नेतृत्व हम सबको कैसे प्रेरित करता है यह विवरण इस पुस्तक में पढ़ने को मिलेगा। मैं मानता हूँ कि यह पुस्तक राजनीति के विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शासन-प्रशासन से जुड़े अधिकारियों और उन सभी लोगों के लिए एक संदर्भ-ग्रंथ का कार्य करेगी जो हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के व्यक्तित्व और कार्यों को गहराई से समझना चाहते हैं। मित्रों, यह भी मेरा सौभाग्य है कि मोदी जी जैसे महान व्यक्तित्व पर लिखी गई इस पुस्तक का विमोचन योगी आदित्यनाथ जी कर रहे हैं। क्योंकि मेरा मानना है कि यदि नरेंद्र मोदी जी की विरासत को आगे संभालने की क्षमता इस देश में किसी के पास है तो वह केवल और केवल योगी आदित्यनाथ जी के पास है। मोदी जी की तरह ही योगी जी ने भी बहुत कम उम्र में परिवार के मोह को त्यागकर पूरे देश को अपना परिवार बना लिया। उन्होंने हिंदुत्व के साथ-साथ विकास और न्यायप्रियता की अद्वितीय मिसाल प्रस्तुत की है। आज अपराधी उनके नाम से थरार्ते हैं और जनसामान्य गर्व का अनुभव करता है कि हमारे पास इतना सशक्त और निष्कलंक नेतृत्व है। आज पूरा देश नरेंद्र मोदी जी और योगी आदित्यनाथ जी की जोड़ी की चर्चा करता है। भारतीय जनता पार्टी में यदि मोदी जी के बाद किसी नेता की पूरे देश में अपार लोकप्रियता और जन-आकर्षण है तो वे हमारे महाराज योगी जी हैं। अतः आज का यह अवसर केवल पुस्तक विमोचन का नहीं है, बल्कि एक ऐतिहासिक क्षण है–जब नरेंद्र मोदी जी जैसे यशस्वी युगपुरुष पर लिखी गई पुस्तक का विमोचन और योगी आदित्यनाथ जी जैसे महान संत और सबसे सफल मुख्यमंत्री जी का आशीर्वाद एक साथ मिल रहा है। अंत में, मैं पुनः योगी जी महाराज को कोटि-कोटि धन्यवाद देता हूँ और आशा करता हूँ कि यह पुस्तक हमारे देशवासियों को नरेंद्र मोदी जी के विराट व्यक्तित्व और राष्ट्रनिर्माण के उनके संकल्प से जोड़ने का माध्यम बनेगी।



# 2 अक्टूबर को होगा रावण दहन मुख्य अतिथि होंगे सांसद अतुल गर्ग

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** श्री सुल्लामल रामलीला समिति, घंटाघर द्वारा आयोजित वार्षिक रामलीला महोत्सव इस बार और भी भव्य होने जा रहा है। समिति ने घोषणा की है कि आगामी 2 अक्टूबर को दशहरा पर्व पर होने वाले रावण दहन के लिए सांसद अतुल गर्ग को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। उनकी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा और बढ़ेगी। समिति ने बताया कि रामलीला महोत्सव के अन्य दिनों में भी जनप्रतिनिधियों की विशिष्ट मौजूदगी रहेगी। इनमें कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप, महापौर सुनीता दयाल, शहर विधायक संजीव शर्मा, एमएलसी दिनेश गोयल, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी तथा पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। सभी जनप्रतिनिधियों ने समिति का निमंत्रण स्वीकार करते हुए रामलीला की सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं और अपनी उपस्थिति का आश्वासन दिया। रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस बार रामलीला मंचन और रावण दहन विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे। पारंपरिक लीलाओं के साथ आधुनिक मंच-सज्जा और प्रकाश-व्यवस्था दर्शकों को एक दिव्य अनुभव प्रदान करेगी। दशहरे के दिन रावण दहन के साथ-साथ आतिशबाजी का भव्य आयोजन भी किया जाएगा, जिसे देखने के लिए गाजियाबाद ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी हजारों श्रद्धालु उमड़ेंगे।




## भारतीय किसान यूनियन ने केंद्र और राज्य सरकार को सौंपा ज्ञापन

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) ने जिले में किसानों की समस्याओं को लेकर शुक्रवार को डीएम कार्यालय के माध्यम से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। किसानों ने अपनी फसलों की समय पर सरकारी खरीद, गन्ने के उचित मूल्य और बाढ़ पीड़ित किसानों की स्थिति को लेकर विशेष रूप से ध्यान देने की मांग की। किसानों ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा घोषित धान खरीद नीति के अनुसार सरकारी खरीद हर वर्ष 1 अक्टूबर से शुरू होती है।

## श्री सुल्लामल रामलीला में गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** घण्टा घर स्थित श्री सुल्लामल रामलीला समिति द्वारा आयोजित भव्य रामलीला मंचन का शुक्रवार को दर्शकों ने दिव्य अनुभव किया। मंचन की शुरूआत भगवान श्रीराम के जन्म और श्रवण कुमार की मार्मिक कथा से हुई। इसके बाद जैसे-जैसे घटनाक्रम आगे बढ़ा, पूरा वातावरण भक्ति और उत्साह से सराबोर होता गया। लीला में दिखाया गया कि जब ऋषि विश्वामित्र के यज्ञ में असुर बार-बार बाधा डालते हैं, तो वे अयोध्या नरेश महाराज दशरथ से अपने यज्ञ की रक्षा हेतु राम और लक्ष्मण को साथ भेजने का आग्रह करते हैं। दशरथ की अनुमति के बाद प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण ऋषि के संग वन की ओर प्रस्थान करते हैं और वहां असुरों का विनाश करते हैं। मंचन में ताड़का वध की रोमांचक और भावपूर्ण प्रस्तुति ने पंडाल में बैठे हर दर्शक को मंत्रमुग्ध कर दिया।



# दीपावली से पहले गाजियाबाद जगमगाएगा रोशनी से

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** आगामी माह में दीपावली का पर्व नजदीक आते ही नगर निगम ने शहर को रोशनी से सराबोर करने की तैयारी शुरू कर दी है। महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त के निर्देशन में निगम प्रशासन ने विशेष अभियान की रूपरेखा तैयार की है। इस अभियान के तहत 5000 नई एलईडी लाइटें खरीदी जा चुकी हैं, जिन्हें समय रहते शहर के 100 वार्डों में दीपावली से पहले स्थापित कर दिया जाएगा। महापौर ने सभी पार्षदों को लिखित सूचना भेजते हुए कहा है कि वे अपने-अपने वार्डों में ऐसे स्थानों का चिन्हीकरण कर प्रकाश प्रभारी को सूची उपलब्ध कराएं, जहाँ अब तक लाइटें नहीं लगी हैं। उन्होंने कहा कि इस बार किसी भी वार्ड को अंधेरे में नहीं छोड़ा जाएगा और शहर का हर कोना जगमगाएगा। महापौर ने प्रकाश प्रभारी को सख्त निर्देश दिए कि चिन्हित स्थानों पर ही एलईडी लगाई जाएं और इसका पूरा जियोटैग फोटो सहित रिकॉर्ड तैयार किया जाए। इसके साथ ही एक रजिस्टर भी बनाया जाए जिसमें हर वार्ड की स्थापित लाइटों का ब्यौरा दर्ज हो। महापौर ने साफ किया कि इस प्रक्रिया से न केवल पारदर्शिता बनी रहेगी बल्कि भविष्य में भी निगरानी आसान होगी। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि दीपावली से पूर्व यह कार्य अभियान युद्धस्तर पर चलेगा। समय रहते सभी 100 वार्डों में लाइटें लग जाएंगी, जिससे शहरवासियों को रोशनी से नहाए हुए माहौल में त्योहार मनाने का अवसर मिलेगा। इस कदम से न केवल दीपावली पर शहर चकाचौंध दिखाई देगा बल्कि स्थानीय निवासियों को स्थायी रूप से बेहतर प्रकाश व्यवस्था भी उपलब्ध होगी।

